




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच






वर्ष- 16 अंक - 39 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 22 नवंबर 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

# रायपुर दक्षिण उपचुनाव : सुनील या आकाश किसे मिलेगी जीत? कल आएगा परिणाम

## शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार में मतगणना सुबह 8 बजे से होगी शुरू, ईसी ने जारी किए दिशा निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की बहुचर्चित रायपुर दक्षिण विधानसभा में हुए उपचुनाव के बाद सभी को नतीजों का इंतजार है। 13 नवंबर को मतदान के 10 दिन बाद 23 नवंबर को मतगणना होनी है। इसके साथ ही यह साफहो जाएगा कि रायपुर दक्षिण के मतदाताओं ने किसे अपना विधायक चुना है। रायपुर नगर दक्षिण उपचुनाव के लिए मतगणना 23 नवंबर को सेजबहार स्थित गवर्मेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने इसकी जानकारी देते हुए दिशा निर्देश जारी किए हैं।





बता दें रायपुर दक्षिण में 13 नवंबर को उपचुनाव संपन्न हुए। यहां से विधायक व मंत्री रहे बृजमोहन अग्रवाल के सांसद चुने जाने के बाद यह सीट रिक्त हुई थी। सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी ने रायपुर दक्षिण से पूर्व सांसद व महापौर रहे सुनील सोनी को अपना प्रत्याशी बनाया। वहीं कांग्रेस पार्टी ने युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा को टिकट दिया। दोनों ने दलों ने रायपुर दक्षिण में पूरी ताकत झोंक दी। 13 नवंबर को देर शाम तक मतदान होता रहा और कुल 50.50 फीसदी ही मतदान हो सका। इस क्षेत्र के आधे वोटर्स अपना वोट देने बूथ तक नहीं पहुंचे। कम वोटिंग परसेंटेज ने दोनों दलों की चिंता जरूर बढ़ाई है लेकिन सत्ता में होने के कारण सुनील सोनी की जीत के दावे ज्यादा हो रहे हैं। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा भी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं।

### चुनाव अधिकारी ने दी मतगणना की पूरी जानकारी

इधर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने मतगणना को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि रायपुर नगर दक्षिण के उपचुनाव की मतगणना तिथि 23 नवंबर दिन शनिवार को नियत है। मतगणना तिथि को मतगणना कार्य गवर्मेंट इंजीनीयरिंग कॉलेज, सेजबहार, रायपुर (ब्लॉक-ई) में सम्पन्न किया जाएगा। निर्वाचन के लिए 2 सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त मतगणना के लिए 4 अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि मतगणना का कार्य मतगणना तिथि के दिन प्रात: 8 बजे से प्रारम्भ होगा। जिसमें प्रात: 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गणना होगी। पोस्टल बैलेट की गणना प्रारम्भ होने के पश्चात् प्रात: 8.30 बजे से ईव्हीएम मशीनों के मतों की गणना प्रारम्भ होगी। मतगणना कार्य की चक्रवार जानकारी भारत निर्वाचन आयोग के इनकोर काउटिंग एप्पलिकेशन में अपलोड किया जाएगा। जिसें आमजन https//results.eci.gov.in लिंक के माध्यम से देख सकते हैं।

### अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश निषेध

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने कहा कि मतगणना हॉल में अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश निषेध रहेगा। रिटर्निंग ऑफिसर अपने विवेक के अनुसार किसी भी व्यक्ति को मतगणना परिसर या मतगणना हॉल से बाहर जाने को कह सकते हैं और यह निर्देश बाध्यकारी होगा। मतगणना हॉल में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा दिया गया निर्देश सर्वमान्य होगा। विवाद की स्थिति निर्मित होने पर रिटर्निंग ऑफिसर कानूनी कार्यवाही कर सकता है। मतगणना हॉल में मोबाइल, आईपैड, लैपटॉप, स्मार्ट वाच, कैमरा, तम्बाकू, गुटखा आदि ले जाना प्रतिबंधित है। मतगणना अभिकर्ता मतगणना हॉल में कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किया गया ईवीएम व वीवी पैट की सूची, जो विधानसभा के विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है तथा पेन व पेंसिल को ले जा सकेंगे।

### परिसर में रहेगी त्रिस्तरीय सुरक्षा

मतगणना हॉल के भीतर मतगणना के परिणाम का योग करने के लिए प्रत्येक टेबल पर एनालॉग कैल्क्यूलेटर की व्यवस्था की गई है. जिसका उपयोग अभ्यर्थी या उनके मतगणना अभिकर्ता कर सकते हैं। मतगणना परिसर में त्रिस्तरीय सुरक्षा रहेगी। प्रत्येक स्तर में सुरक्षाकर्मियों द्वारा प्रत्येक व्यक्ति की गहन जांच की जाएगी। प्रत्येक व्यक्ति द्वारा सुरक्षाकर्मियों को अपना पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य होगा। निर्वाचन परिणाम की घोषणा से 7 दिवस के भीतर अधिकतम मत प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी के बाद क्रम संख्या 2 एवं 3 पर आने वाले अभ्यर्थी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की अधिकतम 5 प्रतिशत ईवीएम (बीयू, सीयू एवं वीवीपेट) की बर्न्ट मेमोरी व माइक्रोकंट्रोलर की जांच एवं सत्यापन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है, जिसके लिए प्रति ईवीएम सेट 40,000 रुपए (18 प्रतिशत जीएसटी) का शुल्क देय होगा।

### 14 टेबल तैयार, 19 राउंड में पूरी होगी मतगणना

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने बताया कि मतगणना हॉल में ईव्हीएम में पड़े मतों की गिनती के लिए 14 टेबल लगाए गए हैं। यह गणना कुल 19 राउण्ड में पूरी होगी। पोस्टल बैलेट की गणना के लिए 1 अतिरिक्त टेबल की व्यवस्था की गई है। मतगणना हॉल के प्रत्येक टेबल में एक-एक काउटिंग सुपरवाईज़र, काउटिंग असिस्टेंट एवं माइक्रो आब्जर्वर होंगे, जो मतगणना का कार्य संपादित करेंगे। मतगणना हॉल में ही रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा मतगणना की जानकारी को संधारित करने के लिए डाटा कम्पाइलेशन एवं अपलोडिंग सेक्शन बनाया गया है। मतगणना हॉल में अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों के मतगणना एजेन्ट्स भी उपस्थित रह सकेंगे, जो मतगणना हॉल में किए गए फेंस से बाहर लगी हुई कुर्सियों में बैठकर मतगणना कार्य का अवलोकन कर सकेंगे।

## खास-खबर



### छत्तीसगढ़ में शुरू हुई कड़ाके की ठंड, मौसम विभाग ने दी शीतलहर की चेतावनी

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग में 11 साल बाद नवंबर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर सहित सभी 6 जिलों में अगले चार दिन शीतलहर की चेतावनी है। अमूमन दिसंबर के पहले सप्ताह में शीतलहर जैसे हालात बनते हैं। लेकिन इस बार सर्द हवाओं के जल्दी आने के कारण नवंबर में ही पारा तेजी से लुढ़कने लगा है। 6.2 डिग्री के साथ मैनपाट बुधवार को सबसे ठंडा रहा।

दुर्ग संभाग के जिलों में भी रात का तापमान 15 डिग्री से कम बना हुआ है। दुर्ग में बुधवार को रात का पारा 13.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 4 डिग्री कम था मौसम साफ रहेगा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान 29 और 15 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

#### सरगुजा संभाग में 8 डिग्री पारा

प्रदेश के सभी संभागों में सरगुजा संभाग सबसे ठंडा है। सरगुजा जिले में न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री रहा। वहीं बलरामपुर में रात का पारा 9.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। कोरिया में 12.8, सूरजपुर में 11.1, जशपुर में 12.1 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। बस्तर संभाग में भी ठंड बढ़ती जा रही है। बस्तर में टेंपरेचर 13.6, सुकमा 15.4, दंतेवाड़ा 12.9, बीजापुर 14.5, नारायणपुर 10.7 और कांकेर में 17 डिग्री तक न्यूनतम तापमान पहुंच गया है। बिलासपुर संभाग में रात का तापमान 15.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 1.2 डिग्री कम था। कोरबा में 13.7, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 11.8 और मुंगेली में 13.3 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा।

### 14 मार्च से शुरू होगा आईपीएल का 18वां संस्करण, फाइनल 25 मई को खेला जाएगा

**मुंबई।** अगले साल 14 मार्च से आईपीएल 2025 शुरू होगा। बीसीसीआई ने आईपीएल टीमों को यह बताया है और 2026 तथा 2027 सत्र के लिए भी यही विंडो रखी है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया की सबसे अमीर फ्रेंचाइजी क्रिकेट लीग के 18वें संस्करण का फाइनल 25 मई को खेला जाएगा। संभावना है कि फाइनल मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डेन्स में होगा।

मिली जानकारी के अनुसार 2026 सीजन 15 मार्च से 31 मई के बीच और 2027 सीजन 14 मार्च से 30 मई के बीच खेला जा सकता है। टीमों को भेजे गए पत्र में भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि अगले तीन सत्र की तारीखें इसलिये साझा की गई है ताकि टीमों को खिलाड़ियों की नीलामी की रणनीति बनाने में मदद मिल सके। तीनों फाइनल रविवार को खेले जाएंगे। आईपीएल 2025 में 74 मैच खेले जा सकते हैं, जो 2022 में आईपीएल में खेले गए 84 मैचों से 10 कम हैं। 2023-27 चक्र के मीडिया अधिकार पहले ही बेचे जा चुके हैं। सभी सदस्य देशों ने बीसीसीआई को अगले तीन सीजन के लिए अपने खिलाड़ियों की उपलब्धता को लेकर आश्वस्त किया है। इससे सभी 10 आईपीएल फ्रेंचाइजी को काफी फायदा होगा।

# सुकमा में मुठभेड़, सुरक्षाबलों ने मार गिराए दस नक्सली, भारी मात्रा में मिले हथियार

## ओडिशा के रास्ते आने की मिली थी सूचना, जवानों ने की थी घेराबंदी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के थाना भेज्जी इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच शुक्रवार की सुबह मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 10 नक्सलियों को मार गिराया है। मुठभेड़ के बाद सर्चिंग के दौरान सुरक्षाबलों ने मौके से तीन ऑटोमैटिक राइफल और अन्य हथियार बरामद किए हैं। फिलहाल सर्च ऑपरेशन जारी है। इधर सुरक्षा बलों की सफलता पर सीएम साय ने एक्स पर पोस्ट कर खुशी जताई है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह में जवानों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई थी। जवानों को सूचना मिली थी कि बड़ी संख्या में नक्सली ओडिशा के रास्ते छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर रहे हैं। सूचना के बाद डीआरजी की टीम नक्सलियों की घेराबंदी करने निकली थी। डीआरजी की टीमों को देखकर नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद जवानों ने भी मोर्चा संभाल लिया। दोनों तरफ से सैकड़ों राउंड फायरिंग हुई है।

यह मुठभेड़ कोराजुगुड़ा, दंतेसपुरम, नागाराम, भंडारपदर के जंगल-पहाड़ी में यह मुठभेड़ हुई। जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग गए। इसके बाद जवानों ने सर्चिंग शुरू की तो दस नक्सलियों के शव मिले। मौके से सुरक्षा बलों ने ऑटोमेटिक व अन्य हथियार बरामद किए हैं। बस्तर आईजी पी सुंदरराज ने की मुठभेड़ की पुष्टि की है। आईजी बस्तर पी सुंदरराज ने बताया कि छत्तीसगढ़ के दक्षिणी सुकमा में छ्त्रन्न के साथ मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे गए। इंसास, एके-47, एसएलआर और कई अन्य हथियार बरामद हुए। सर्च ऑपरेशन जारी है।

### सीएम साय ने कहा- नक्सलवाद के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की नीति



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुरक्षाबलों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सरकार नक्सलवाद के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि बस्तर में विकास, शांति और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बस्तर में शांति , विकास और प्रगति का दौर लौट आया है। उन्होंने सुरक्षा बलों को उनके अदम्य साहस और समर्पण के लिए बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का सफाया निश्चित है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के द्वारा मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलियों के सफाये के लक्ष्य की पूर्ति की दिशा में हम सुनियोजित तरीक़े से आगे बढ़ रहे है।

# सीएम साय ने सपरिवार देखी 'द साबरमती रिपोर्ट', डायरेक्टर व हिरोइन भी रही मौजूद

■ छत्तीसगढ़ सरकार ने फिल्म को किया है टैक्स फ्री

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय तथा परिवार के अन्य सदस्यों के साथ 'द साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखने राजधानी के मैग्नेटो मॉल पहुंचे। इस फिल्म में 22 साल पहले गुजरात के गोधरा में हुए ट्रेन हादसे की कहानी की सच्चाई को दिखाने की कोशिश की गई है। फिल्म की डायरेक्टर एकता कपूर और फिल्म की नायिका रिद्धि डोगरा भी इस अवसर पर उपस्थित थीं।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री साय ने 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री साय ने 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह फिल्म इसलिए भी देखी जानी चाहिए क्योंकि अतीत का अध्ययन ही हमें वर्तमान और भविष्य के बारे में बेहतर मार्गदर्शन दे सकता है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म इतिहास के उस भयावह सत्य को उजागर करने का अत्यंत सराहनीय और प्रभावशाली प्रयास है जिसे निहित स्वार्थ के लिए छिपाने का प्रयास किया गया था।

सीएम साय ने कहा कि यह फिल्म तात्कालिक सिस्टम की उस सच्चाई को उजागर करती है, जो झूठे नरेटिव फैलाकर सत्य को दबाने का निंदित प्रयास करती थी। फिल्म दर्दनाक घटना को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करती है। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भी उनके साथ फिल्म देखने पहुंचे थे।

# बलरामपुर में टैंकर पलटा, डीजल लूटने लगी लोगों की भीड़

**बलरामपुर (ए.)।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में गुरुवार को बड़ा हादसा होने से टल गया। घाट उतरते समय एक अनियंत्रित डीजल टैंकर पलट गया, जिससे सड़क पर डीजल बहने लगा। घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। लोग बाल्टी, डब्बा और गैलन लेकर डीजल भरने के लिए दौड़ पड़े। मामला बसंतपुर थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहा डीजल टैंकर अनियंत्रित होकर फुलीडूमर घाट पलट गया। बड़ी संख्या में लोग अपने घरों से डीजल भरने के लिए बड़े-बडे डब्बे ले आए। सूचना मिलते ही वहां पुलिस पहुंची। पुलिस ने सभी लोगों को वहां से भगाया। जेसीबी और हाइड्रा की मदद से टैंकर को उठाकर किनारे करवाया।

# भारत और ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज : भारत की पहली पारी 50 ओवर के अंदर 150 रन पर सिमटी, नीतीश ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए

**पर्थ (एजेंसी)।** 22 नवंबर यानी शुक्रवार से पर्थ में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत हो चुकी है। भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत की पहली पारी 150 रन पर सिमट गई। टीम इंडिया के 11 बल्लेबाज मिलकर 50 ओवर भी बल्लेबाजी नहीं कर पाए। 49.3 ओवर में पूरी टीम सिमट गई। नीतीश रेड्डी ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। इसके अलावा ऋषभ पंत ने 37 और केएल राहुल ने 26 रन की पारी खेली।



पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही थी। यशस्वी जायसवाल और तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए देवदत्त पडिक्कल खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। विराट कोहली पांच रन और ध्रुव जुरेल 11 रन बनाकर आउट हुए। वॉशिंगटन सुंदर भी चार रन बना सके। पंत और नीतीश ने सातवें विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी निभाई। इस साझेदारी को कमिंस ने तोड़ा। पंत के आउट होते ही भारतीय पारी 150 रन पर सिमट गई। हर्षित राणा सात रन और बुमराह आठ रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जोश हेजलवुड ने चार विकेट लिए। वहीं, मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और मार्श को दो-दो विकेट मिले।

### बेहद महत्वपूर्ण है यह सीरीज

आस्ट्रेलियाई दौरे पर भारत के लिए यह सीरीज बेहद महत्वपूर्ण है। इस सीरीज के साथ ही यह साफहो जाएगा कि कौन सी टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचेगी। भारत को कम से कम चार टेस्ट जीतने की जरूरत है। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि वह एक भी मैच न हारें।



## संपादकीय

# कब थमेगी साइबर ठगी, ये चिंताजनक है

ठगी का शिकार होने वालों मे पढ़े-लिखे और जानकार समझे जाने वाले लोग भी बढ़ रहे हैं। कई मामलों में यह भी देखने में आया है कि साइबर ठगी के शिकार लोग शर्मिंदगी के कारण पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने से हिचकते हैं। सरकारी एजेंसियां चाहे जो दावे करें बहुत कम मामलों में ठगी गई राशि बरामद होती है और ठगों को गिरफ्तार किया जाता है।

> *डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर लोगों के साथ ठगी करने के मामले जिस तरह थमने का नाम नहीं ले रहे हैं, उससे यही स्पष्ट होता है कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री की ओर से लोगों को साइबर ठगों के इस हथकंडे के प्रति चेताने और संबंधित एजेंसियों की ओर से सक्रियता दिखाए जाने की सूचनाएं आने के बाद भी नतीजा ढाक के तीन पात वाला है। यह चिंताजनक है कि न केवल डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर ठगने के मामले बढ़ रहे हैं, बल्कि ठगी की राशि भी बढ़ती जा रही है। अब तो लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की जा रही है।*

ठगी का शिकार होने वालों मे पढ़े-लिखे और जानकार समझे जाने वाले लोग भी बढ़ रहे हैं। कई मामलों में यह भी देखने में आया है कि साइबर ठगी के शिकार लोग शर्मिंदगी के कारण पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने से हिचकते हैं। सरकारी एजेंसियां चाहे जो दावे करें, बहुत कम मामलों में ठगी गई राशि बरामद होती है और ठगों को गिरफ्तार किया जाता है। यह तब है, जब ठगी गई राशि देश के ही खातों में ट्रांसफर कराई जाती है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि सरकार की ओर से यह स्पष्ट किया जा चुका है कि सीबीआइ, ईडी, आयकर विभाग आदि उसकी किसी भी एजेंसी की ओर से डिजिटल अरेस्ट जैसी कार्रवाई नहीं की जाती।

इसमें संदेह है कि आम लोग साइबर ठगों की चालबाजी से भली तरह जागरूक हो चुके हैं। जागरूकता के अभाव का एक कारण यह भी है कि सरकार ने साइबर ठगों और उनकी ठगी के नित-नए तरीकों के प्रति लोगों को सही तरह सतर्क नहीं किया है। यदि यह समझा जा रहा है कि समाचार पत्रों में एक-दो विज्ञापन जारी करने अथवा प्रधानमंत्री की ओर से मन की बात कार्यक्रम में इस समस्या को रेखांकित करने से लोग डिजिटल अरेस्ट के बहाने की जा रही ठगी के काले कारोबार से अवगत हो गए हैं तो यह सही नहीं।

सरकार को न केवल साइबर ठगों की कमर तोड़ने के लिए और अधिक सख्ती का परिचय देना होगा, बल्कि लोगों को जागरूक करने का कोई व्यापक अभियान भी चलाना होगा। अच्छा हो कि इस पर विचार किया जाए कि कुछ दिनों के लिए मोबाइल कालर ट्यून के जरिये लोगों को चेताया जाए कि इस-इस तरह की फोन काल आए तो सावधान हो जाएं। साइबर ठगी के बढ़ते मामले केवल देश को डिजिटल करने के अभियान को ही चोट नहीं पहुंचा रहे हैं, बल्कि भारत की छवि भी खराब कर रहे हैं। साइबर ठग पहले लोगों को लालच देकर ठगते थे। अब वे लोगों को धमकाकर अथवा उनका मोबाइल फोन हैक करके यही काम कर रहे हैं। साफ है कि उनका दुस्साहस बढ़ रहा है। उनका बढ़ता दुस्साहस सुरक्षा एजेंसियों की नाकामी का ही परिचायक है। यह नाकामी निराश करने वाली है।

# अपनी सेहत को दांव पर लगाने पर लोग आमादा

लोग खुद ही अपनी सेहत को दांव पर लगाने पर आमादा हों, तो उस समाज को आखिर कौन बचा सकता है? डॉक्टर चेतावनी देते-देते थक गए हैं कि प्रदूषण जानलेवा भी हो सकता है। मगर जागरूकता और जवाबदेही का अभाव जस-का-तस है। छठ के मौके पर दिल्ली में यमुना के प्रदूषण पर आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच तू तू-मैं मैं अब इतनी आम हो गई है कि लोग उससे ऊबने लगे हैं। मुद्दा है कि जब यह स्थायी समस्या है, तो छठ के बाद उस पर इन दोनों पार्टियों का ध्यान क्यों नहीं होता, जिनकी केंद्र और (केंद्र शासित) प्रदेश में सरकारें हैं? फिर सामान्य दिनों में नागरिक समाज को भी इसकी कोई फिक्र नहीं होती। यही हाल दिल्ली और आसपास के इलाकों में इस सीजन में बढने वाले वायु प्रदूषण की है। फिर वही हुआ। एक और दिवाली आई और फिर दिल्ली एनसीआर स्मॉग की चादर से ढक गया। पटाखों पर प्रतिबंध सिर्फ कागज पर रहा। लोगों ने जितनी मांग की, उतने पटाखे दुकानों में बिके, लोगों ने खरीदे और मन भर कर जलाए भी।

अब लोग खुद ही अपनी सेहत को दांव पर लगाने पर आमादा हों, तो उस समाज को आखिर कौन बचा सकता है? डॉक्टर चेतावनी देते-देते थक गए हैं कि प्रदूषण सिर्फ थोड़ी-सी खांसी ही नहीं देता, बल्कि यह जानलेवा तक साबित हो सकता है। मगर भारत में जागरूकता और जवाबदेही का अभाव जस-का-तस है। अब इस क्रम में एक अंतरराष्ट्रीय पहलू भी जुड़ा है। पाकिस्तान भी वायु प्रदूषण के दुष्प्रभाव झेल रहा है। खासकर लाहौर शहर बुरी तरह प्रभावित हुआ है। यह कम दिलचस्प नहीं कि प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने लाहौर में खराब होती हवा के लिए भारत को जिम्मेदार ठहरा दिया है।

उनका कहना है कि भारत से आने वाली हवा अपने साथ प्रदूषण लेकर आती है, जिससे लाहौर की हवा खराब हो रही है। जबकि खुद पाकिस्तान में तैयार रिपोर्टों में कहा गया है कि खराब वायु गुणवत्ता के प्रमुख कारणों में उद्योगों और वाहनों से निकलने वाला धुआं शामिल है। इसके अलावा खेती की पद्धति, जैव ईंधन और कचरे को जलाना और धूल इसके अन्य पहलू हैं। मगर गंभीर समस्या पर अगंभीर और बे-ईमान रुख की संस्कृति पाकिस्तान में भी कोई कम नहीं है। बहरहाल, ऐसे नजरियों से कुछ हासिल नहीं होगा, यह बात हर जागरूक व्यक्ति अवश्य ध्यान में रखना चाहिए।


**( आरएनएस )**

नजरिया

# साहित्य के नाम पर मनोरंजन का मंच

*पिछले साल हिंदी के प्रख्यात लेखक एवम संस्कृतिकर्मी अशोक वाजपेयी ने इसलिए इस समारोह का बहिष्कार किया था कि उनसे आयोजकों ने पूछा था कि वे पहले सूचित करें कि वे मंच पर क्या बोलेंगे। लेकिन इस बार आइटम गर्ल को बुलाए जाने से विवाद अधिक है। साहित्य के नाम पर मनोरंजन का मंच सजाने पर उस मंच की शोभा बढ़ाने की बजाय अगर लेखक जन आंदोलनों में शामिल हों और लेखन, पठन का अपना मंच सजाएं तो क्या वह ज्यादा बेहतर नहीं होगा?*

विमल कुमार



पिछले कुछ दिनों से हिंदी साहित्य की दुनिया में हंगामा बरपा हुआ है। एक टीवी चैनल के साहित्यिक कार्यक्रम में लेखकों के साथ-साथ बॉलीवुड के सितारों को बुलाए जाने के कारण सोशल मीडिया पर यह हंगामा मचा हुआ है। इस बीच पिछले दिनों दो लेखक संगठनों के दो पदाधिकारियों ने इस्तीफा भी दे दिया, जिससे इस मामले ने अधिक तूल पकड़ लिया। एक लेखक के बारे में कहा जा रहा है कि उसने टीवी चैनल के साहित्योत्सव में जाने पर अपने मित्र लेखक द्वारा तंज किए जाने के कारण इस्तीफा दिया है।

जो लोग इस तरह के समारोहों में जा रहे हैं उनका तर्क है कि लेखकों को हर मंच पर जाना चाहिए और इस तरह जनता से जुड़ना चाहिए क्योंकि हमारे लेखक संगठन जनता से नहीं जुड़े हैं। इन लेखकों का कहना है कि हम किसी भी मंच पर जाएं लेकिन हमें अपनी बात खरी-खरी कहनी चाहिए। लेकिन जो लोग इस टीवी चैनल के साहित्योत्सव के विरोधी हैं उनका तर्क है कि अगर बॉलीवुड के लोगों को बुलाना है तो साहित्य की आड़ में यह क्यों किया जा रहा, इसे साहित्य आज तक' की बजाय मनोरंजन आज तक' के नाम से किया जाए।

आखिर साहित्य के जलसे में आइटम गर्ल को क्यों बुलाया जा रहा। उनका तर्क यह भी है कि इस तरह के टीवी चैनलों के मंच सांप्रदायिक लोगों द्वारा संचालित हैं और वह साहित्य को बाजार बनाने में लगे हुए हैं। इसलिए उनके मंच से उनके खिलाफ बात नहीं कहीं जा सकती और अगर किसी ने कहा भी तो उसका व्यापक असर नहीं होने वाला है क्योंकि ज्यादातर वक्ता बाजार के समर्थक ही हैं।

पिछले साल हिंदी के प्रख्यात लेखक एवं संस्कृतिकर्मी अशोक वाजपेयी ने इसलिए इस समारोह का बहिष्कार किया था कि उनसे आयोजकों ने पूछा था कि वे पहले सूचित करें कि वे मंच पर क्या बोलेंगे। लेकिन इस बार आइटम गर्ल को बुलाए जाने से विवाद अधिक है। अब हिंदी के लेखकों में ध्रुवीकरण भी हो गया है। लेखिकाओं में भी विभाजन हो गया है। एक वर्ग आइटम गर्ल को बुलाए जाने का समर्थक है तो एक वर्ग विरोधी। इस तरह साहित्य की दुनिया में इन दिनों उथल-पुथल अधिक है। हिंदी के लेखकों का एक धड़ा, जिनमें कुछ प्रगतिशील और कलावादी भी हैं, वह इस समारोह में भाग ले रहा है, जबकि एक धड़ा उसका लगातार विरोध कर रहा है।

भाग लेने वालों में पुरुषोत्तम अग्रवाल, अरुण कमल और गौहर राजा जैसे लोग हैं तथा बाबुषा कोहली, अनुराधा सिंह और लवली गोस्वामी एवम जोशना बनर्जी जैसी कवयित्रियां भी। कुछ साल पहले इसी टीवी चैनल के साहित्यिक कार्यक्रम में हिंदी के प्रगतिशील जनवादी कवि राजेश जोशी के भाग लेने पर काफी तीखी प्रतिक्रिया हुई थी। लेकिन इसके बावजूद जनवादी लेखक इस समारोह में जाते रहे। अब प्रगतिशील लेखक संगठन ने पिछले दिनों चंडीगढ़ में एक प्रस्ताव पारित कर कॉरपोरेट के समारोहों में भाग लेने से लेखकों को मना किया है। पर दो अन्य वाम लेखक संगठनों ने इस तरह का प्रस्ताव नहीं पारित किया है।

आखिर क्या कारण है कि इस तरह के आयोजन को लेकर हिंदी में तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही है? पिछले 10-15 वर्षों से हिंदी में लिट् फेस्ट की संख्या काफी बढ़ी है और उनमें हिंदी के लेखक बुलाए जा रहे हैं। कहा यह जा रहा है कि जिन लोगों को लिट् फेस्ट में नहीं बुलाया जा रहा है वह अपनी कुंठा के कारण उसका विरोध कर रहे हैं। लेकिन हिंदी जगत में कुछ ऐसे लेखक हैं, जो ऐसे मंचों पर कभी जाते ही नहीं। वह इन मंचों को तमाशाई, अगम्भीर, उत्सव धर्मी अधिक मानते हैं। इन मंचों से कायदे की कोई बात नहीं कहीं जा सकती है और न सुनी जा सकती है। लेकिन लेखकों का एक तबका यह कहता है कि हमें बाजार से परहेज नहीं करना चाहिए। आखिर हमारी किताबों को बाजार में ही बिकना है इसलिए अगर हम अधिक से अधिक बाजार तलाशेंगे तो अधिक पाठकों तक पहुंचेंगे।

शायद यही कारण है कि सोशल मीडिया पर आज का लेखक अपनी किताब का खुद प्रचार-प्रसार करता हुआ दिख रहा है। हिंदी में ऐसे भी लेखक हैं जो यह काम नहीं करते हैं और यह मानते हैं कि किताब का प्रचार-प्रसार करना प्रकाशक की जिम्मेदारी है ना कि लेखक की। इससे पहले हिंदी के लेखक अपनी किताबों का इस तरह प्रमोशन नहीं करते थे और प्रचार नहीं करते थे। यह सारी जिम्मेदारी पहले प्रकाशक की थी। ऐसे में लेखक प्रकाशक का यह काम क्यों कर रहे हैं?


दरअसल बाजार और पूंजी ने सब कुछ उलट-पुलट दिया है। पहले उसने राजनीति को अपने चंगुल में लिया, फिर मीडिया को लिया और अब साहित्य को अपने चंगुल में ले रहा है। पर यह भी सच है कि हिंदी के लेखक भी जनता से कट गए हैं और लेखक संगठन संकीर्ण और कट्टर होने के कारण दूसरी विचारधारा के लेखकों को अपने मंच पर नहीं बुलाते, अपनी पत्रिकाओं में नहीं छापते। इसलिए हिंदी में लेखकों का एक वर्ग इस बात की शिकायत करता रहा है कि आखिर वह किस मंच पर जाए और अपनी बात कहे। लेकिन इस पूरी बहस में एक बात उभर कर आ रही है कि लेखक भी पूंजी के इस खेल में फंस गया है। ऐसे में हिंदी के साहित्यकार क्या करें उनके पास कोई ऐसा बड़ा मंच नहीं है जहां से वे जनता से जुड़ सकें।

इस बहस में यह सवाल भी उठ रहा है कि अगर हिंदी के लेखकों को जनता से जुड़ना ही है तो वे किसान आंदोलन में क्यों नहीं जाते? वे मजदूर आंदोलन में क्यों नहीं भाग लेते? वे अपने मोहल्ले कॉलेज और स्कूलों में रचना पाठ की परंपरा को शुरू क्यों नहीं करते? किसी मीडिया समूह के साहित्य के नाम पर मनोरंजन का मंच सजाने पर उस मंच की शोभा बढ़ाने की बजाय अगर लेखक जन आंदोलनों में शामिल हों और लेखन, पठन का अपना मंच सजाएं तो क्या वह ज्यादा बेहतर नहीं होगा?

**( ये लेखक के विचार हैं )**

# नैनो का पोषण

डॉ. इशिता जी. त्रिपाठी और नितिशा मान





नैनो-व्यवसाय और अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यम (आईएमई) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के अंदर एक अलग खंड हैं। इसमें हाइपरलोकल कार्यक्षमता है। उनकी विशिष्ट विशेषताओं के कारण, उनके लिए विशेष प्रावधान रखना महत्वपूर्ण है ताकि वे अपने आप को बनाए रखते हुए व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य हो जाएं। भारत सरकार इस दिशा में वचनबद्ध है। पहले कदम के रूप में उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म (यूएपी) को जनवरी 2023 में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा आईएमई के पंजीकरण की सुविधा के लिए शुरू किया गया था। इन्हे सीजीएसटी अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत रिटर्न दाखिल करने से छूट दी गई है। यूएपी के शुभारंभ के बाद से 2 करोड़ 60 लाख से अधिक रोजगार के साथ 2 करोड़ 20 लाख से अधिक उद्यमों ने पंजीकरण किया है। यूएपी नामित एजेंसियों को एक इंटरफेस प्रदान करता है, जो अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक, सूक्ष्म वित्त संस्थान, एनबीएफसी आदि हो सकते हैं, जो थोक में अपने आईएमई ग्राहकों के सहमति-आधारित डेटा को पंजीकृत कर सकते हैं। पीएम स्वनिधि जैसे सरकारी कार्यक्रमों के आईएमई लाभार्थियों को भी यूएपी में शामिल किया जाता है।

उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य को जारी रखते हुए, सितंबर 2023 में शुरू की गई पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य 18 ट्रेडों के कारीगरों और शिल्पकारों को एंड-टू-एंड सहायता प्रदान करना है, जो अपने हाथों और उपकरणों से काम करते हैं। योजना के घटकों में पीएम विश्वकर्मा प्रमाणपत्र और आईडी कार्ड के माध्यम से मान्यता, कौशल उन्नयन, टूलकिट प्रोत्साहन, 5 प्रतिशत ब्याज दर पर जमानत से मुक्त ऋण, 8 प्रतिशत तक की ब्याज सहायता, डिजिटल लेनदेन और विपणन सहायता के लिए प्रोत्साहन शामिल हैं। अनिवार्य रूप से यह विश्वकर्मा की आकांक्षाओं को पूरा करने के उद्देश्य से सभी प्रकार के समर्थन को शामिल करता है, जिनके पास आत्मनिर्भर व्यवसाय स्थापित करने के लिए आवश्यक उद्यमशीलता कौशल हैं। प्रभावी रूप से सरकार ने उन संस्थाओं की पहचान करने का मार्ग प्रशस्त किया है जिनके पास क्षमता है, लेकिन एमएसएमई चैंपियन के रूप में विकसित होने के साधन नहीं थे।

नैनो उद्यमियों के लिए एक बड़ी चुनौती ये है की वे क्रेडिट के लिए नए हैं या उनके पास कोई क्रेडिट या व्यावसायिक इतिहास नहीं है, वित्त तक पहुंच है। कोई भी क्रेडिट इतिहास बैंकों को ऋण देने से नहीं रोकता है। एक सक्षम इकोसिस्टम बनाने के लिए, मांग और आपूर्ति दोनों पक्षों की चुनौतियों का समाधान करने के लिए उपाय किए गए हैं। इस दिशा में एक कदम एमएसएमई मंत्रालय और आरबीआई की अधिसूचना है कि प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण लाभों का लाभ उठाने के उद्देश्य से यूएपी प्रमाणपत्रों को उद्यम पंजीकरण प्रमाणपत्र के समान माना जाएगा। पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा जैसी योजनाओं के लाभार्थियों के लिए आरबीआई द्वारा अधिसूचित पेमेंट्स इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (पीआईडीएफ) योजना जैसी पहलों के माध्यम से, देश में स्वीकृति उपकरणों की संख्या में कई गुना वृद्धि हुई है, टियर -3 से टियर -6 केंद्रों में भुगतान स्वीकृति बुनियादी ढांचे का विकास करना, लेनदेन की लागत को कम करना और छोटे व्यवसायों की स्वीकार्यता में वृद्धि करना। पीआईडीएफ प्रावधान डिजिटल भुगतान एग्रीगेटर्स को निम्नलिखित प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

नैनो उद्यमों को सब्सिडी वाले डिजिटल भुगतान उपकरण और क्यूआर कोड। भौतिक या डिजिटल उपकरणों की तैनाती को सब्सिडी देने के अलावा, अन्य समकालीन उपकरणों, जैसे साउंडबॉक्स डिवाइस, नियर फील्ड कम्युनिकेशन और आधार-सक्षम बायोमेट्रिक स्कैनर उपकरणों को भी भीम आधार पे के माध्यम से स्वीकार करने के लिए सब्सिडी दी जाती है। इस तरह के पूरक डिजिटलीकरण और डिजिटल ट्रेल्स उन्हें अधिक स्पष्ट बनाएंगे, एकत्र किए गए आंकड़ों के आधार पर वैकल्पिक क्रेडिट मूल्यांकन मॉडल का समर्थन करेंगे और उनके लिए क्रेडिट अदायगी को बढ़ाएंगे।

क्रेडिट गारंटी योजना के अंतर्गत आईएमई के लिए विशेष वितरण की घोषणा फरवरी 2024 में उदार शर्तों के साथ की गई थी, जिसमें 20 लाख रुपये तक की ऋण राशि का 85 प्रतिशत गारंटी कवरेज बढ़ाया और 10 लाख रुपये तक के ऋण के लिए 0.37प्रतिशत का कम वार्षिक गारंटी शुल्क और 10 लाख रुपये से 20 लाख रुपये के बीच के ऋण के लिए 0.45 प्रतिशत शामिल है। इन पहलों से औपचारिक ऋण देने वाली संस्थाओं के जोखिम के मुद्दे का समाधान होगा जो उन्हें नैनो उद्यमों और आईएमई को ऋण देने से सजग करता है।

संसाधनों, समर्थन और जागरूकता के संयोजन से, नैनो व्यवसाय और अपेक्षाकृत बड़े एमएसएमई एक साथ पनपते हैं, एक स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान करते हैं। अंतिम लक्ष्य जमीनी स्तर की संस्थाओं को शामिल करते हुए आर्थिक आधार को मजबूत करना है ताकि अर्थव्यवस्था की बड़ी अधिरचना चमकती रहे।

**अतिरिक्त विकास आयुक्त, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार**

**उप निदेशक, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार**

**( लेखिका का व्यक्त विचार व्यक्तिगत हैं। )**

# एक संदेश तो जनता में भी जाता है

सुनील दास

किसी सरकारी संस्था के बारे में कोई भी खुलासा होता है तो उसकी खूब चर्चा तो होती ही है।उसके इतिहास,वर्तमान व भविष्य की भी खूब चर्चा होती है कि क्या ऐसी घटना पहली बार हुई है, क्या ऐसी घटना इससे पहले नहीं हुई है।ऐसी घटनाएं तो हर सरकार के समय होती रहती हैं,जो सरकार जांच कराने की हिम्मत करती है तो पता चलता है, इसमें गलत क्या हुआ है। सही व गलत का फैसला तो अदालत में साबित होगा लेकिन इसका एक संदेश जनता के बीच भी जाता है कि ऐसा हुआ है और इसका खुलासा हुआ है तो इसके दोषी लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए, उनको सजा मिलनी चाहिए। साथ ही सरकार को ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए कि इस तरह का भ्रष्टाचार कोई कर न सके।

सीजीपीएससी में2019-22 के बीच गड़बड़ी व भ्रष्टाचार की पिछली सरकार के समय भी खूब चर्चा थी और इस सरकार के समय भी खूब चर्चा है जब से इस मामले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई की है।सीबीआई ने मामले के आरोपी व तत्कालीन पीएससी चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी व बजरंग पावर व इस्पात के चेयरमैन एसके गोयल को गिरफ्तार किया है। सीबीआई का आरोप है कि गोयल ने अपने बेटे शशांक गोयल व बहू भूमिका की नौकरी के लिए सोनवानी के करीबी एनजीओ को सीएसआर फंड से45लाख रुपए दिए।पैसे सोनवानी तक पहुंचे इसके बाद यह कार्रवाई की गई है यानी सीबीआई ने अपना शिंकजा कसना शुरू कर दिया है।

माना जाता है कि सोनवानी के कार्यकाल में यह एक गड़बड़ी नहीं हुई है,और भी गड़बड़ी हुई है। कई कांग्रेस नेताओं, अधिकारियों के 18 रिश्तेदारों को नौकरी लगवाई गई है। यानी मौका मिला है तो बंपर गड़बड़ी की गई है।जब इस तरह की गड़बड़ी सबसे बड़े पदाधिकारी के इशारे पर ही की जाती है तो करने वाले को कोई डर भी नहीं होता है कि हम पकड़े जाएंगे, हमारी सरकार तो फिर से आने वाली है यानी हमने जो कुछ काला पीला किया है, वह तो कालीन के नीचे ही रहेगा। उसका पता किसी को नहीं चलेगा।

जनता भी होशियार है वह तो धुआं देखकर जान जाती है कि आग कितनी लगी है।सीजीपीएससी की सूची देखने पर ही लोगों को पता चल गया कि इसमें कितने नेता के रिश्तेदार है और कितने अधिकारियों के है।बवाल होना स्वाभाविक था, पीएससी के अभ्यर्थियों व भाजपा नेताओ ने इस मामले को खूब उठाया। तब को सीएम भूपेश बघेल यह कहते रहे कि यह कोई बात थोड़ी न है कि अधिकारी व कांग्रेस नेताओं के रिश्तेदार पीएससी चुने गए हैं तो पीएससी में भ्रष्टाचार हुआ है।भाजपा के समय भी तो अधिकारियों व नेताओं के रिश्तेदार चुने जाते रहे हैं।

भूपेश बघेल यह बताने का प्रयास करते रहे कि कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। वह तो जोर-शोर से दावा करते थे कि सबूत दिखाओ तो मैं जांच कराने को तैयार हूं। आज सीबीआई सबूत लेकर आ गई है और पीएससी गड़बड़ी के मामले में गिरफ्तारी शुरू हो गई है। अभी तो इसमें और बड़ी मछलियां फंस सकती है।भूपेश बघेल चाहते तो मामले की जांच करा सकते थे लेकिन उन्होंने जांच नहीं कराई और मामले को ठंडे बस्ते में डालने का प्रयास किया।अगर कांग्रेस सरकार बदल नहीं गई होती तो पीएससी में जिस तरह अन्य सालों में हुई गड़बड़ी सामने नहीं आई, यह गड़बड़ी सामने नहीं आती।

पीएससी घोटाले में गिरफ्तारी पर कम से कम वह लोग तो बहुत खुश होंगे जो चाहते थे कि इस गड़बड़ी में शामिल लोगों को गिरफ्तार होना चाहिए। उनको उम्मीद थी कि देर से ही सही सबूत एकत्र करने पर इस मामले मे जरूर कार्रवाई होगी, फिर पीएम मोदी ने चुनाव में इस बात की गारंटी भी तो दी थी कि हमारी सरकार बनी को पीएससी घोटाले की जांच कराई जाएगी और दोषी लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

लोग यह तो चाहते हैं कि पीएससी में गडबड़ी कर अपने रिश्तदारों का चयन करने की सिस्टम हमेशा के लिए बंद होना चाहिए। क्योंकि एक तरफ हजारो युवा दिन रात मेहनत कर पढ़ाई करते हैं कि पीएससी में पास होना है, पता चलता है कि पीएससी में बिना पढ़े ही पैसे के दम और पहुंच के दम पर पास हुआ जा सकता है। इससे युवाओं में नाराजगी पैदा होना स्वाभाविक है। युवा साफ सुथरा सिस्टम चाहते हैं। सीएम चाहे तो हर सिस्टम को साफ सुथरा बना सकते है,लोग साय से अपेक्षा करते है कि पीएससी का जो सड़ा हुआ सिस्टम है, जिसमें भाईभतीजावाद की गुजांइश रहती है। इसे सुधारने या पूरी तरह बदलने की जरूरत है। साय ने आबकारी विभाग के सिस्टम को जिस तरह सुधारा है,उसी तरह की कोई व्यवस्था पीएससी के सिस्टम में की जानी चाहिए।

**( ये लेखक के विचार हैं )**




















रमन आई. टी. आई.
Affiliated By N.C.V.T. & D.G.T.
बाबा दीप सिंह नगर, वैशाली नगर, भिलाई
कोपा
कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट
पाठ्यक्रम अवधि -1 वर्ष
TALLY & GST FREE
100% JOB ORIENTED
स्टेनो
हिन्दी
पाठ्यक्रम अवधि -1 वर्ष
TALLY & GST FREE
ADMISSION OPEN
7773027492, 7389471941
शासन द्वारा छात्रवृत्ति

श्रीकंचनपथ
भिलाई-दुर्ग

ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-
• TDS रिफंड • GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट • MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE • फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
संपर्क : शेखर गुप्ता, मो. 93007-55544, 8878655544
D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर



## खास खबर

### वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाने घर-घर पहुंच रहे कर्मचारी, तीन दिन में बने 383 कार्ड



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है।नगर निगम के कर्मचारी इसके लिए घर-घर दस्तक दें रहे है।वरिष्ठ नागिरकों का आयुष्मान बनाने घर-घर पहुंचकर निरन्तर कर्मचारी तीन दिनों में 386 आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। यह कार्य नगर पालिक निगम क्षेत्र में 22 नवंबर तक चलेगा।कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश में दीनदयाल अंतोदय योजना,राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की टीम व आंगनबाड़ी मितानिन को प्रशिक्षण दिया गया।
जानकारी में बताया गया है कि उपलब्ध कराई गई सूची के आधार पर डोर-टू-डोर जाना होगा। प्रत्येक कर्मचारी मोबाइल एप से ओटीपी लेकर जानकारी भरेंगे।इसके बाद वरिष्ठ नागरिक पंजीकृत किसी भी अस्पताल में पांच लाख तक निश्शुल्क उपचार करवा सकते हैं।आयुष्मान कार्ड प्रभारी ने बताया कि निगम क्षेत्र के 17 वार्डो में 18 से 22 नवंबर तक में निगम के 50 से अधिक कर्मचारी फील्ड में रहें कर काम कर रहे है। निगम क्षेत्र के पूरे 60 वार्डो में अलग अलग चरणों मे घर घर दस्तक देगी आयुष्मान कार्ड सर्वे के लिए। यह कार्य को 30 नवंबर तक पूर्ण करेंगे। वहीं कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने पार्षदों और परिवार के मुखिया से अपील की है कि वे 70 से अधिक उम्र वाले विष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं। इसमें उनके लिए पांच लाख तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध रहेगा।
**कमिश्नर ने की खास अपील:** कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने शहर वासियों से घर घर निगम टीम द्वारा पहुँचकर आयुष्मान कार्ड बना रही है। आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की है।नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत आयुष्मान कार्ड मितानीन घर-घर जाकर जाकर बना रही है क्क आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का एवं सामान्य आयुष्मान कार्ड से 50 हजार तक का ईलाज नि:शुल्क करा सकते है।

### खेलो इंडिया लघु केंद्र मर्रा पाटन के 5 खिलाड़ी राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता हेतु चयनित

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में खेलो इंडिया लघु केंद्र मर्रा पाटन में संचालित है। उक्त केंद्र से जूनियर वर्ग में 4 बालिकाओं कु. गणेश्वरी सपहा, कु. जिज्ञासा यादव, कु. ऐश्वर्या यादव, कु. जानवी नेताम एवं 1 बालक खुमान साहू का चयन राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिले के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक विलियम लकड़ा से मिली जानकारी के अनुसार राज्य कबड्डी संघ द्वारा 22 से 24 नवम्बर 2024 को जिला कवर्धा में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के लिए जिले का दल आज रवाना हुआ है। दल को प्रशिक्षक भरतलाल ताम्रकार एवं संतोष कुमार यादव पीटीआई मर्रा के ने उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

# छत्तीसगढ़ की पहचान मेडिकल टूरिज्म के रूप में हो- मंत्री जायसवाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल श्री महावीर प्राकृतिक एवं योग चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय नगपुरा परिसर में आयोजित राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इससे पूर्व मंत्री श्री जायसवाल ने श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ मंदिर में भगवान पार्श्वनाथ का दर्शन एवं पूजा-अर्चना किया।



दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर भी साथ मौजूद थे। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य करने वाले यह संस्थान प्रदेश का पहला संस्थान है, जिसने पुरातन चिकित्सा पद्धति को पुर्नजिवित किया है।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति कोई नई विधा नहीं है। आज हमें अपनी पुरातन चिकित्सा पद्धति की ओर ही लौटना होगा। भारत ज्ञान-विज्ञान की खान है। विश्व गुरू के रूप में भारत ने हर क्षेत्र में विश्व को ज्ञान दिया है। योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति का भारत पुरातन काल से वाहक रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आने वाला समय योग और प्राकृतिक शिक्षा का ही होगा। इस चिकित्सा पद्धति का भविष्य उज्ज्वल है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा योगा एवं प्राकृतिक शिक्षा के 35 शिक्षकों के पद भरे गए है। आने वाले दिनों में इन पदों पर और भर्ती की जाएगी। क्रेंद्र सरकार द्वारा आन्ध्रा, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ इन तीन राज्यों में 100 बिस्तर प्राकृतिक चिकित्सा अस्पताल स्वीकृत किए गए है। मंत्री श्री जायसवाल ने छत्तीसगढ़ में मेडिकल ट्यूरिज्म पर जोर देते हुए प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति को पर्यटन से भी जोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को मेडिकल ट्यूरिज्म के रूप में पहचान मिले। उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर सभी को अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि नगपुरा के ऐतिहासिक धरा में संचालित इस प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय में हम सातवां प्राकृतिक चिकित्सा दिवस मना रहे है।

प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से देश की विश्व में पुरातन काल से पहचान रहीं है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि महाविद्यालय के प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति का लाभ क्षेत्रवासियों को मिलता रहे। महाविद्यालय के संचालक डॉ. आरके श्रीवास्तव ने अपने स्वागत उद्बोधन में महाविद्यालय की गतिविधियों को रेखांकित किया। प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. प्रेमलाल पटेल ने प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। इससे पूर्व अतिथियों ने भगवान धनवन्तरी, सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि श्री जायसवाल ने योगा एवं प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन लोगों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कर आम जनता को करें लाभान्वित - विजय बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। लोकसभा सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद श्री बघेल ने निर्देशित किया कि जिले में राज्य और केन्द्र शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें और योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएं।




सांसद विजय बघेल ने कहा कि केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं को प्रशासनिक अधिकारियों एवं जिला पंचायत के माध्यम से विभिन्न वार्डो में पहुंचाया जाता है। आम जनता तक पहुंचाने के लिए हम एक कड़ी का कार्य करते हैं। जन-जन तक पहुंचाने के लिए हमारे दायित्व बंटे हुए हैं। समयबद्ध तरीके से अपने-अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जो भी दिशा-निर्देश व निर्णय लिया जाता है उस पर त्वरित कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। केन्द्र की योजनाओं से जनता वंचित न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

उन्होंने जिले में स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कदम उठाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन योजना के कार्यों को तेजी के साथ संचालित करने को कहा। वहीं ग्रामीण आवास योजनान्तर्गत आवास निर्माण में अद्यतन प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना अंतर्गत पात्रातानुसार हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने को कहा।

बैठक में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण एवं शहरी आवास, जल जीवन मिशन, पशुपालन, स्वास्थ्य विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, समग्र शिक्षा, डेयरी विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम, सुगम्य भारत अभियान, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित विभिन्न योजनाओं की उपलब्धियों की जानकारी दी।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत बजरंग दुबे ने अवगत कराया कि मनरेगा के अंतर्गत महिलाओं की भागीदारी सबसे अधिक रही है। अब तक 100 दिवस का रोजगार श्रमिकों को प्रदान किया गया है। सांसद श्री बघेल ने कहा कि मनरेगा कार्यो की सामग्री का भुगतान पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव के पहले किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्राथमिकता के आधार पर हितग्राहियों की सूची तैयार करने को कहा। जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत अधिकारियों ने बताया कि सभी गांवों में पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। 2024-25 में 180 लक्ष्य के विरूद्ध 109 खनित नलकूप किया गया है।

सांसद ने लोगों को शुद्ध पेयजल जैसी समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए प्रमुखता से क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग करने को कहा। साथ ही उन्होंने नल कनेक्शन देने के लिए किये जाने वाले गड्ढे को प्राथमिकता के साथ गुणवत्ता पूर्ण समतलीकरण करने को कहा। जल जीवन मिशन के कार्यो में लापरवाही न हो इसका विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश किया गया कि पशुओं में संक्रामक रोग प्रतिबंधात्मक टीकाकरण शत-प्रतिशत किया जाना सुनिश्चित करें, ताकि अन्य पशुओं में बीमारी न फैले। यदि किसी पशु में बीमारी आ गई है तो तत्काल उपचार करें।

# टाइफाइड होने की भ्रामक जानकारी देने वाले कथित डॉक्टर के अस्पताल को किया सील

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** टाइफइड बीमारी बताकर ईलाज करने वाले प्राइवेट प्रेक्टिशनर मो. साजिद की अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग ने ताला लगा दिया है। वहीं जगदंबा चौक पुरैना के भरत मेडिकल स्टोर को अस्थाई तौर पर बंद कर दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा है। रिसाली महापौर शशि सिन्हा के भ्रमण के बाद जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उक्त कार्रवाई की है।

उल्लेखनीय है कि रिसाली महापौर मंगलवार को महापौर परिषद के सद्स्यों के साथ पुरैना भ्रमण की थी। इसके बाद जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुरैना वार्ड 38 में सघन सर्वे किया था। इस दौरान खुलासा हुआ कि कोई टाइफइड का मरीज गंभीर नहीं है। वे दैनिक कार्य कर रहे है। कुछ दिन पूर्व बुखार आने पर उन्हे स्थानीय अल्टरनेटिव डिग्री धारी मो. सजिद ने टाइफइड होने का दावा करते उपचार किया था। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने अल्टरनेटिव डिग्रीधारी मो. साजिद के खिलाफ कार्रवाई की।

**331 घरों का हुआ सर्वे:** 447 घरों का सर्वे में केवल 3 मरीज बुखार के मिले। आर डी किट परीक्षण में बुखार सामान्य (मौसमी) पाया गया। वहीं पुरैना वार्ड 39, 40 में कुल 331 घरों तक स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची। जहां 10 लोगों को बुखार होना पाया। टाइफइड की पुष्टि नहीं हुई।

**अस्पताल को किया सील:** प्राइवेट प्रेक्टिशनर मो. साजिद अल्टरनेटिव डिग्रीधारी से पूछताछ के दौरान साजिद ने बताया कि वो एक पैथालॉजी रिपोर्ट के आधार पर टाइफइड बताया था। इसके बाद नायब तहसीलदार चन्द्रशेखर कंवर, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुनेश्वर कठौतिया एवं पटवारी और पार्षद की उपस्थिति में कथित अस्पताल को सील किया गया।

**आयुक्त ने की अपील:** रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने निगम कर्मचारियों को एहतियात बरतने की हिदायत दी है। सैंपल भेजे गए पानी का रिपोर्ट पीएचई से प्राप्त कर प्रस्तुत करने कहा है। वही आयुक्त ने नागरिकों से अपील की है की वे पानी उबालकर पीए।

# युवोदय टीम द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य पर आओ बात करें कार्यशाला का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में युवोदय स्वयंसेवकों के द्वारा अलग-अलग विषयों में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में युवोदय टीम के द्वारा स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश/ हिंदी मीडियम स्कूल निकुम में एक दिवसीय कार्यशाला "आओ बात करें" का आयोजन किया गया।




यह कार्यशाला मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और छात्रों, शिक्षकों, एवं अभिभावकों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाने के उद्देश्य से आयोजित की गई। कार्यशाला का संचालन युवोदय ब्लॉक समन्वयक प्रगति मोहबे के द्वारा किया गया। कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न विषयों जैसे तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, मानसिक स्वास्थ्य का शिक्षा में महत्व और दैनिक जीवन में मानसिक संतुलन बनाए रखने के तरीके इत्यादि पर चर्चा की गई। समन्वयक ने बच्चों और शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य के लक्षण पहचानने और समय पर मदद लेने के महत्व के बारे में जागरूक किया। साथ ही, मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने के लिए सुझाव दिए। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों ने चर्चा में सक्रिय भागीदारी की और अपने अनुभव साझा किए। सभी ने इस प्रयास की सराहना की और इसे उपयोगी बताया। कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया गया था, जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। युवोदय टीम का उद्देश्य इस प्रकार की कार्यशालाओं के माध्यम से छात्रों, शिक्षकों और समुदाय के बीच मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है।

# काम पर लौटे आधार ऑपरेटर: चिप्स अधिकारियों के साथ हुई बैठक, आश्वासन के बाद प्रदेश भर में हड़ताल खत्म

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ आधार सेवा समिति के ऑपरेटरों ने अपनी हड़ताल वापस ले ली है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चिप्स, रायपुर से हुई चर्चा के बाद प्रदेश के सभी ऑपरेटरों ने फिर से काम शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ आधार सेवा समिति के अध्यक्ष शेषनारायण साहू, सचिव धर्मेन्द्र कुमार और कोषाध्यक्ष अक्षय खुशलानी ने बताया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी चिप्स एवं यू.आई.डी.आई. के अधिकारियों से के साथ हुई बैठक कई मांगों पर चर्चा हुई है।



बैठक में यह चर्चा हुई है कि आधार मशीन अभी जिस मॉडल में चल रही है, अभी फिलहाल वैसे ही चलेगी, बंद नहीं होगी, जब इन हाऊस मॉडल में स्थांतरण होगा, तब वर्तमान में कार्यस्त ऑपरेटर को सर्व प्रथम प्राथमिकता दी जायेगी। जिसके लिए मशीन वितरण हेतु दिशा निर्देश का सुझाव आधार सेवा समिति से भी उनके हित में रख कर लिया जायेगा। आधार ऑपरेटरों को बकाया पेमेंट का हिसाब जीएसटी का हिसाब, जीएसटी की स्थिति स्पष्ट नहीं होने के कारण नहीं हो पाया है, जिसे स्पष्ट होने के उपरांत प्राथमिकता से किया जायेगा। नवीन पीईसी पोर्टल का निर्माण किया जायेगा, जिसमें ऑपरेटरों की जानकारी एवं समस्या का समाधान हो सकेगा। इसके अलावा आधार शिविर आयोजित करने वाली संस्था द्वारा ऑपरेटर के आवन-जावन की सुविधा एवं आधार किट तथा ऑपरेटर की सुरक्षा की जिम्मेदारी होगी, जिसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया जायेगा।

वही शासकीय क्षेत्रों में स्थान उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में उसके नजदीकी स्थित चॉइस केन्द्रों को शासन द्वारा अधिकृत कर आधार से संबंधित कार्य किये जाने की अनुमति प्रदान किये जाने पर यू.आई.डी.आई. के दिशा-निर्देश अनुसार विचार किया जायेगा। चिप्स के अधिकारियों मिले आश्वासन के बाद प्रदेश के सभी ऑपरेटरों ने काम शुरू कर दिया है। आधार सेवा समिति ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शासन ध्यान नहीं देती है तो भविष्य में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### रायपुर निगम के सेवानिवृत्त अपर आयुक्त डॉ. जेआर सोनी को डी. लिट् की उपाधि से सम्मानित किया गया



**रायपुर।** रायपुर नगर पालिक निगम के सेवानिवृत्त अपर आयुक्त डॉ. जे. आर. सोनी को देशबड विश्वविद्यालय जाम्बिया अफ्रीका से मानद डी लिट् की उपाधि से सम्मानित किया गया है । संत गुरू घासीदास जी के जीवन दर्शन पर आधारित ग्रंथ, सतनाम रहस्य एवं वैश्विक सतनाम धर्म का स्वरूप एवं दर्शन ग्रंथ पर डी लिट् की उपाधि प्रदान की गई है।

सितंबर माह मे छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति रायपुर द्वारा स्व हरि ठाकुर सम्मान से सम्मानित किया गया । मैने अभी तक 46 से अधिक पुस्तकों का लेखन किया है। छत्तीसगढ़ी उपन्यास चंद्रकला बस्तर विश्वविद्यालय के एम. ए. में पढ़ाया जाता है। विदेश यात्राएं 46 देशों मे किया है। संत गुरु घासीदास जी के सात उपदेश 42 अमृतवाणियों का प्रचार प्रसार किया हूँ। गुरु घासीदास शोध पीठ छ.ग. शासन के प्रथम अध्यक्ष रहा। संत गुरु घासीदास जी जीवनदर्शन पर आधारित छत्तीसगढ़ी फिल्म सतनाम सतगुरु दूरदर्शन दिल्ली से प्रसारित होने वाली है । दूसरी फिल्म बलिदानी राजा गुरु बालक दास जी शीघ्र ही सिनेमा घरों मे दिखाया जायेगा । के.पी. खाण्डे अध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग, सुन्दर जोगी एमआईसी सदस्य नगर पालिक निगम रायपुर, डी.एस. पात्रे, खेदू राम बंजारे, चेतन चंदेल, आर.के. पाटले, आर.के. गेंदले एवं अन्य पदाधिकारियों गुरू घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी रायपुर ने बधाई दी ।

### अखिल भारतीय विद्युत लॉन टेनिस स्पर्धा कल से रायपुर में

**रायपुर।** 46वीं अखिल भारतीय विद्युत लॉन टेनिस स्पर्धा का आयोजन 23 से 25 नवंबर तक राजधानी में किया गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की केंद्रीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समिति इसकी मेजबानी कर रही है। इसमें विभिन्न प्रदेशों की विद्युत कंपनियों की नौ टीमें हिस्सा लेंगी। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कार वितरित करेंगे।

स्पर्धा का उद्घाटन समारोह 23 नवंबर को 11.30 बजे छानपैरी स्थित एपीआईसीईएम टेनिस कोर्ट में होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार होंगे तथा प्रबंध निदेशकगण राजेश कुमार शुक्ला एवं भीमसिंह कंवर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समापन समारोह 25 नवंबर को दोपहर 2.30 बजे होगा, जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव होंगे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में प्रबंध निदेशकगण राजेश कुमार शुक्ला एवं भीमसिंह कंवर उपस्थित रहेंगे। पॉवर कंपनीज के अतिरिक्त महाप्रबंधक उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि हर राज्य की विद्युत उत्पादन, पारेषण एवं वितरण कंपनियां अपने कर्मियों के लिए प्रतिवर्ष क्षेत्रीय स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करती है, उसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली स्पर्धाओं के लिए किया जाता है। राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं का आयोजन अखिल भारतीय विद्युत खेल नियंत्रण मंडल करती है। इस बार अखिल भारतीय लॉन टेनिस स्पर्धा की मेजबानी छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की केंद्रीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समिति को दी गई है।

# निगम आयुक्त ने अवैध कब्जे हटाने व राजस्व वसूली में तेजी लाने दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल पर साप्ताहिक समय सीमा बैठक लेकर विभिन्न कार्यो एवं योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली एवं समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवष्यक निर्देष दिये।

आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यू.एस अग्रवाल, विनोद पाण्डेय, कृष्णा खटीक, मुख्य अभियंता यू.के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, संजय बागडे, नगर निवेशक आभास मिश्रा, जोन कमिश्नरों, उपायुक्तगणों, कार्यपालन अभियंताओं, विभागो के प्रभारी अधिकारियों की उपस्थिति में साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेते हुए खम्हारडीह चैक, शंकरनगर चैक, अग्रसेन चैक, एक्सप्रेस वे मार्ग, जीई रोड सहित मुख्य मार्गो को जनहित में जनसुविधा हेतु सुगम यातायात देने यातायात पुलिस बल के सहयोग से अभियान चलाकर अवैध कब्जो से मुक्त करने की कार्यवाही करने के निर्देष दिये है। आयुक्त ने कहा कि नगर निगम एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा विभिन्न चैक चैराहो, जीई रोड, विधानसभा रोड, एक्सप्रेस वे मार्गो का सुन्दर और व्यवस्थित तरीके से सौंदर्यीकरण एवं पौधरोपण चैक चैराहों, मार्ग विभाजको का रंगरोगन कराया जा रहा है। सड़को पर अवैध कब्जे होने पर उसका पूर्ण समुचित लाभ आमजनों को प्राप्त नहीं हो पा रहा है। नागरिको को शासन की मंषा अनुसार समुचित लाभ राजधानी शहर के विभिन्न मुख्य मार्गो पर दिलवाने पुलिस प्रषासन के साथ मिलकर जिला प्रषासन के मार्गदर्षन में अवैध कब्जो से मुक्त करने अभियान सभी जोनो द्वारा चलाया जाये।

आयुक्त ने नगर निवेषक एवं जोन कमिश्नरों को शहर में नक्षे में पार्किंग स्वीकृत करवाकर उक्त स्थान का गोडाउन बनाकर उपयोग नियम विपरीत तरीके से कर रहे संस्थाओं दुकानदारों को नोटिस देकर नियमानुसार कडी कार्यवाही अभियान पूर्वक करके स्वीकृत नक्षे के अनुरूप पार्किंग स्थल का उपयोग पार्किंग के रूप में करवाना प्राथमिकता से सुनिष्चित करवाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने विभिन्न स्थानों पर अवैध प्लाटिंग पर नियमानुसार कडाई से अंकुश लगाने कार्यवाही करने के निर्देष दिये।

आयुक्त ने निगम हित में बकाया राजस्व वसूली के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देष दिये। आयुक्त ने सभी बकायेदारो को डिमांड नोटिस बिल जारी करने एवं भवन स्वामियों, संपत्तिकर दाताओं के मोबाईल नंबर निगम के डाटा में अपडेट करने की कार्यवाही अभियान पूर्वक करने के निर्देश दिये। आयुक्त ने अवैध नल कनेक्षनों का नियमितिकरण करने बडे बकायेदारो पर बकाया राजस्व वसूलने नियमानुसार कडी कार्यवाही करने राजीनामा प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देष दिये । आयुक्त ने राजस्व वसूली कार्यो की अगले सप्ताह विस्तृत समीक्षा पृथक से करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

आयुक्त ने प्रगतिरत विकास व निर्माण कार्यो को समय सीमा में गुणवत्ता युक्त तरीके से जनहित में जनसुविधा हेतु पूर्ण करवाने कार्यपालन अभियंताओं, सहायक अभियंताओं, उपअभियंताओं को साइट विजिट निरंतर करके गुणवत्ता की रेण्डम जांच करने के निर्देश निगम हित में दिये। आयुक्त ने मुख्यमंत्री जनदर्शन , कलेक्टर जनदर्शन, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त जनसमस्याओं एवं जनशिकायतों के आवेदनों का नियमानुसार समय सीमा में प्राथमिकता से निराकरण शत प्रतिषत संख्या में सुनिष्चित करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। आयुक्त ने आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य तेज गति से जोनो के माध्यम से करवाने के निर्देश जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से दिये। आयुक्त ने रैन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्यो की जियो टेगिंग के साथ नागरिको में रैन वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर जनजागरण अभियान चलाने के निर्देश दिये ताकि इसका राजधानी शहर में अधिक से अधिक संख्या में नागरिक समुचित लाभ प्राप्त कर सके। आयुक्त ने सभी जोनो एवं विभागों से संबंधित कार्यो की एंट्री एकांउटिंग साफ्टवेयर फाइनेंसियल मैनेजमेंट सिस्टम एफएमएस के माध्यम से करवाये जाने एवं कार्यो की ऑनलाईन मॉनिटरिंग किये जाने आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये।

आयुक्त ने अधिकारियों को सभी वार्डो में मच्छरों के कारगर नियंत्रण हेतु एंटी लार्वा एवं फॉगिंग अभियान व्यापक रूप से गुणवत्ता युक्त तरीके से सतत मॉनिटरिंग कर चलाया जाना एवं सभी वार्डो में शत प्रतिषत डोर टू डोर कचरा कलेक्षन का कार्य प्राथमिकता से सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिये है।

# निगम आयुक्त व स्मार्ट सिटी एमडी ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति का किया निरीक्षण

## मौके पर निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर अधिकारियों सहित योजनाओं की वर्तमान प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया एवं स्थल समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

निगम आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी एमडी ने इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड के सहयोग से सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम के प्रांगण में स्थापित फास्ट ईव्ही चार्जिंग स्टेशन की प्रगति का अवलोकन जोन कमिश्नर अरूण ध्रुव, रमेश जायसवाल, स्मार्ट सिटी महाप्रबंधक तकनीकी पंकज कुमार पंचायती, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, शेखर सिंह, अतुल चोपडा अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया। आयुक्त ने इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के सहयोग से नगर निगम रायपुर द्वारा राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और रायपुर जिला प्रशासन के दिशा निर्देश अनुरूप विभिन्न स्थानों पर स्थापित फास्ट ईव्ही चार्जिंग स्टेषन के संबंध में जनजागरण अभियान चलाने के निर्देश दिये ताकि अधिक से अधिक संख्या में फास्ट ईव्ही चार्जिंग स्टेशन में पहुंचकर चार्जिंग करवाकर ईव्ही वाहन चालक एवं वाहन मालिक लाभान्वित हो सके।

निगम आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी एमडी अबिनाश मिश्रा ने पुराना धरना स्थल बुढापारा में विकसित किये जा रहे वेंडिंग जोन के कार्य की प्रगति देखी एवं कार्य को जनहित में जनसुविधा हेतु प्राथमिकता से शीघ्र पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। निगम आयुक्त ने स्मार्ट सिटी एमडी ने ऐतिहासिक महाराजबंध तालाब के किनारे तेलीबांधा तालाब की तर्ज पर सुन्दर और व्यवस्थित तरीके से पौधरोपण कार्य समाज हित में पर्यावरण संरक्षण हेतु शीघ्र करवाने के निर्देश जोन 6 जोन कमिश्नर एवं कार्यपालन अभियंता को दिये।

निगम आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी एमडी ने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा महाराजबंध तालाब में निर्माणाधीन एसटीपी के कार्य की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। स्थल पर निर्माण एवं विकास कार्य की अत्यंत धीमी गति देखकर गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए निगम आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी एमडी ने स्मार्ट सिटी के संबंधित अधिकारियों को महाराजबंध एसटीपी कार्य हेतु अनुबंधित फर्म मेसर्स समृद्धि वाटर वर्कस पुणे महाराष्ट्र का नियमानुसार प्रक्रिया के तहत अनुबंध निरस्त कर फर्म को काली सूची में डालने आवश्यक कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश दिये । निगम आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी एमडी ने स्मार्ट सिटी लिमिटेड एवं निगम जलविभाग के संबंधित अधिकारियों से 24 गुणा 7 पेयजल आपूर्ति योजना की प्रगति के संबंध में जानकारी ली एवं समीक्षा करते हुए वर्तमान में घरों में 24 गुणा 7 पेयजल आपूर्ति व्यवस्था हेतु कनेक्षन देने जारी ट्रायल कार्य को शीघ्र पूर्ण करवाना प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

# विधायक मिश्रा ने गंगानगर में 32 लाख के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 3 के जोन अध्यक्ष और महात्मा गाँधी वार्ड नम्बर 12 के पार्षद डॉक्टर प्रमोद साहू सहित वरिष्ठ नागरिकों, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, नवयुवकों, महिलाओं, आमजनों, वार्ड के रहवासियों, नगर निगम जोन 3 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता ईश्वर लाल टावरे, उप अभियंता नरेश कुमार साहू सहित सम्बंधित अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति में महात्मा गाँधी वार्ड नम्बर 12 के गंगानगर क्षेत्र में लगभग 32 लाख रूपये की स्वीकृत लागत से शीघ्र सीसी रोड निर्माण और सामुदायिक भवन निर्माण कार्य जनहित में जनसुविधा विस्तार हेतु करवाने कार्य का भूमिपूजन श्रीफल फोड़कर एवं कुदाल चलाकर किया।

रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने जोन 3 के सम्बंधित अधिकारियों को स्वीकृति अनुसार गंगानगर में नई सीसी रोड एवं सामुदायिक भवन का निर्माण शीघ्र तय समयसीमा के भीतर उच्च स्तरीय गुणवत्ता सहित प्राथमिकता से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# अम्बेडकर अस्पताल में 1 दिसंबर से खुलेगा नशा मुक्ति केंद्र

## कमिश्नर कावरे ने ली चिकित्सा महाविद्यालय व अम्बेडकर अस्पताल के स्वशासी समिति की बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे ने पं. जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय के स्वशासी समिति की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक ली। इस बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए है। अम्बेडकर अस्पताल में 1 दिसंबर से नशा मुक्ति केंद्र खुलेगा। इसका संचालन चिकित्सालय के मनोरोग विभाग द्वारा किया जाएगा। इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के स्वशासी बजट के अंतर्गत अभी तक हुए आय-व्यय की समीक्षा की गई।

बैठक में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए अम्बेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने जानकारी दी कि चिकित्सालय के किराया कक्षों (पेइंग वार्डों) के नवीनीकरण हेतु 26 एसी, केजुअल्टी विभाग हेतु 09 एसी और सीटीवीएस विभाग हेतु 05 एसी के क्रय की प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। डॉ. सोनकर ने बताया कि चिकित्सालय में साइनेज बोर्ड लगाये जाने एवं अन्य नवीनीकरण कार्य करवाये जाने से संबंधित प्रस्ताव कार्यालय आयुक्त चिकित्सा शिक्षा को प्रेषित किया जा चुका है। चिकित्सालय के रेडियोडायग्नोसिस विभाग के लिए एक प्रेशर इंजेक्टर मशीन के क्रय की कार्यवाही सीजीएमएससी द्वारा की जा रही है। यह मशीन सीटी स्कैन, एमआरआई और इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के लिए बेहद उपयोगी है।

चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चैधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत बैठक में फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के अंतर्गत होने वाले पोस्टमार्टम कार्य हेतु एक नग नवीन वर्चुअल पोस्टमार्टम मशीन के क्रय किये जाने की अनुशंसा की गई थी जिसके अंतर्गत वर्तमान में मशीन का स्पेसिफिकेशन तैयार किया जा रहा है। वर्चुअल पोस्टमार्टम मशीन के लिए संबंधित फर्म को बुलाकर पहले उसका डेमोंस्ट्रेशन लिया जाएगा। उसके बाद क्रय हेतु सीजीएमएससी को मांगपत्र भेजेंगे।

डॉ. चौधरी द्वारा जानकारी दी गई कि नवीन स्वशासी नियमावली में अन्य आकस्मिक व्यय हेतु अधिष्ठाता एवं अधीक्षक को 5 लाख रुपये तक स्वीकृति एवं भुगतान की वित्तीय शक्ति प्रदान की गई है। इसके साथ ही प्रबंधकारिणी समिति को प्रतिकार्य 2 करोड़ रुपये तथा वित्त समिति को प्रतिकार्य 10 लाख रुपये व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई है। चिकित्सालय के उपयोग हेतु 02 नग ए. एल. एस. एम्बुलेंस शीघ्र क्रय करने हेतु निर्देशित किया गया। चिकित्सालय के मनोरोग विभाग में आगामी 01 दिसंबर से नशा मुक्ति केन्द्र प्रारंभ किया जाएगा। वर्तमान में चिकित्सालय के रेडियोलॉजी विभाग में उपलब्ध सीटी स्कैन एवं एम. आर. आई. मशीन पुराने हो चुके हैं।

नवीन सी. टी. स्कैन एवं एम. आर. आई. मशीन के क्रय का प्रस्ताव चिकित्सा महाविद्यालय की ओर से शासन को भेजा गया है। सीटी स्कैन एवं एमआरआई मशीन से होने वाली जांच में मरीजों की वेटिंग कम करने के लिए डीकेएस अस्पताल प्रबंधन से चर्चा हुई है। जल्द ही दिए गए निर्णयों पर क्रियान्वयन किया जाएगा। मरीजों की सीटी स्कैन एवं एमआरआई जांच डीकेएस अस्पताल में की जाएगी, जिसका भुगतान आयुष्मान योजना अंतर्गत संबंधित एजेंसी को किया जाएगा।

सामाजिक संस्थाओं सहित अन्य आम नागरिक जो मरीज के परिजनों को निशुल्क भोजन वितरण के इच्छुक हों उनके लिए चिकित्सालय परिसर में चिन्हांकित स्थान पर शेड निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत किये प्राक्कलन की राशि के संबंध में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को बुलाकर रिव्यू करने को कहा गया। इस बैठक में चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी, अम्बेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर, सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू सिंह, अस्थिरोग विभागाध्यक्ष डॉ. रविकांत दास, माइक्रोबायोलॉजी विभगाध्यक्ष डॉ. निकिता शेरवानी, प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती रंजना ध्रुव एवं उप संचालक वित्त सुश्री ऋतु कौशिक उपस्थित थे।

# रायपुर नगर निगम जोन 10 राजस्व विभाग ने 4 बड़े बकायेदारों के व्यवसायिक परिसरों को किया सीलबंद

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार एवं अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, उपायुक्त विवेकानंद दुबे, जोन 10 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 10 राजस्व विभाग द्वारा जोन सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल के नेतृत्व एवं राजस्व निरीक्षक राजेश मिश्रा, प्रकाशचंद्र यादव, सहायक राजस्व निरीक्षक रामकुमार अवसर, शेख जुनैद, विपिन सोनी, नीलिमा ठाकरे की उपस्थिति में नगर निगम जोन 10 के तहत वार्ड क्रमांक 56 के टैगोर नगर क्षेत्र में अभियान चलाकर गोविंद एल्युमिनियम के प्रोपराईटर महेश नारवानी के व्यवसायिक काम्पलेक्स पर नगर निगम को 10 लाख 47 हजार 196 रू. बकाया होने पर एवं बकाया अदा न किये जाने पर स्थल पर सीलबंद करने की कार्यवाही की गई।

इसी प्रकार नगर निगम जोन 10 राजस्व विभाग ने अभियान चलाकर जोन के तहत वार्ड क्रमांक 50 के महावीर नगर पुरैना क्षेत्र में प्रोपराईटर अजय क्षत्रे के व्यवसायिक प्रतिष्ठान पर 6 लाख 17 हजार 254 रू. का बकाया होने पर एवं बकाया राशि जमा नहीं करने पर व्यवसायिक प्रतिष्ठान को सीलबंद करने की कडी कार्यवाही की । जोन के तहत वार्ड क्रमांक 56 के श्यामनगर क्षेत्र में प्रोपराईटर अनिल बजाज के व्यवसायिक परिसर को 6 लाख 93 हजार 132 रू. का बकाया होने एवं बकाया अदा न करने पर सीलबंद किया गया। इस दौरान संबंधित भवन स्वामी ने नगर निगम जोन 10 राजस्व विभाग से बकाया राजस्व की अदायगी करने 3 दिन का समय मांगा गया। वार्ड क्रमांक 52 के क्षेत्र के अंतर्गत प्रोपराईटर ज्योति शर्मा का आनंद रेस्टोरेंट को नगर निगम का 5 लाख 78 हजार 368 रू. का बकाया नहीं देने पर स्थल पर कडी कार्यवाही करते हुए सीलबंद कर दिया गया। नगर निगम रायपुर का बकाया राजस्व वसूली अभियान आगे भी सतत जारी रहेगा। नगर निगम राजस्व विभाग ने नगर निगम क्षेत्र के सभी बकायादारों से अपनी सम्पूर्ण बकाया राजस्व राशि नगर निगम रायपुर को अदा करने का एक बार पुनः अनुरोध किया है। अन्यथा की स्थिति में बकाया राजस्व वसूली हेतु नियमानुसार कडाई से अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।















# महिला के संघर्ष को बखूबी बयां करती हैं अवॉर्ड विनिंग क्लासिक फिल्म ढाई आखर

**निर्देशक प्रवीन अरोड़ा की फिल्म 'ढाई आखर' एक क्लासिक लव स्टोरी है, जो एक महिला की अपनी पहचान ढूंढने की कोशिश में किए गए संघर्ष को बखूबी बयान करती है। ये फिल्म 22 नवम्बर को पूरे देश में रिलीज़ होने जा रही है। हिन्दी के वरिष्ठ लेखक अमरीक सिंह दीप के उपन्यास तीर्थाटन के बाद पर आधारित फिल्म ढाई आखर हर्षिता नाम की एक ऐसी महिला की कहानी है, जो वर्षों तक घरेलू हिंसा और अपमानजनक वैवाहिक जीवन का शिकार रही। इसके बाद वो चिट्ठियों के जरिए से एक मशहूर लेखक श्रीधर के करीब आती है, लेकिन विधवा होने के कारण उसका ये प्रेम संबंध पुरुष प्रधान समाज और परिवार को स्वीकार नहीं होता।**

### आज होगी रिलीज

क्या हर्षिता इससे जुड़ी चुनौतियों का सामना कर पाएगी? श्रीधर के साथ उसके रिश्ते के प्रति परिवार की नफरत का अंत क्या होगा? क्या दोनों का प्यार परवान चढ़ेगा? इन सभी सवालों का भावनात्मक जवाब खोजने की कोशिश है फिल्म ढाई आखर।।

फिल्म के निर्देशक प्रवीन अरोड़ा ने इसको लेकर बात करते हुए कहा कि फिल्म ढाई आखर एक प्रेम गीत है। प्रेम किसी के जीवन को बदलने की ताकत रखता है। हिन्दी और मराठी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री मृणाल कुलकर्णी इस फिल्म में हर्षिता के लीड रोल में नजर आएंगी।

जानेमाने अभिनेता हरीश खन्ना और प्रसिद्ध मराठी अभिनेता रोहित कोकाटे ने भी अहम किरदार निभाए हैं। लेखक असगर वजाहत ने इस फिल्म की पटकथा और संवाद लिखे हैं। वहीं फिल्म के एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर ब्रज मोहन हैं। फिल्म की शानदार टीम में गीतकार इरशाद कामिल, हिन्दी और बंगाली संगीत निर्देशक अनुपम रॉय और गायिका कविता सेठ शामिल हैं।

बता दें कि इस फिल्म की शूटिंग उत्तराखंड की खूबसूरत लोकेशंस पर की गई है। कबीर कम्यूनिकेशन्स, आकृति प्रोडक्शंस और एस के जैन जमाई के बैनर तले बनी इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर, प्रतिष्ठित आईएफएफआई गोवा में पिछले सा हुआ, जिसमें इस फिल्म को दर्शकों, आलोचकों और फिल्म इंडस्ट्री की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।

चेन्नई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2023 और देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 में भी इस फिल्म की आधिकारिक स्क्रीनिंग हो चुकी है। इसके अलावा कंबोडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 में इस फिल्म को स्पेशल जूरी अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही ताशकंद इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 के लिए भी ये फिल्म चयनित हुई है। ढाई आखर जे पी अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत और रिलीज़ की जा रही है और देशभर के सिनेमाघरों में 22 नवम्बर को आगाज के लिए तैयार है।




# करन-प्रकाश की जोड़ी धूम मचाएगी फिल्म 'तीजा के लुगरा-2' में

**छत्तीसगढ़ी फिल्म का धमाकेदार प्रदर्शन आज से 38 से अधिक सिनेमाघरों में**




छत्तीसगढ़ी सिनेमा के दो चर्चित चेहरे करन खान और प्रकाश अवस्थी एक साथ रूपहले परदे पर दर्शकों का मनोरंजन करने आ रहे हैं। वीआर फिल्म्स नागपुर के बैनर तले फिल्म 'तीजा के लुगरा-2' के इंतजार की घड़ियां अब खत्म हो रही है। 22 नवंबर से यह फिल्म छत्तीसगढ़ के 38 से अधिक सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

निर्देशक विजय गुमगांवकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में भरपूर पारिवारिक मनोरंजन का तड़का लगाया गया है। फिल्म में रश्मि देवांगन, कल्याणी तापसे, रिंकू रजा, पुष्पेंद्र सिंह, उर्वशी साहू, पवन गुप्ता, संतोष निषाद, संजू साहू, पायल साहू, लता बाही, खुशी गुमगांवकर, करीम खान और शांतनु जैसे कई मशहूर कलाकार अहम भूमिकाओं में नज़र आएंगे। फिल्म के गीत डॉ. पीसी लाल यादव और मौनी लाला ने लिखे हैं, जबकि संगीत सुनील सोनी ने दिया है। गानों को विलास राउत और दिलीप बैस ने कोरियोग्राफकिया है। फिल्म का वितरण शिवम् इंटरप्राइजेज और लकी रंगशाही कर रहे हैं। फिल्म के निर्माता राजन सूर्यवंशी और कुंदन मार्कर का कहना है कि फिल्म में हर वर्ग के दर्शकों के लिए कुछ न कुछ खास है। उन्हें उम्मीद है कि दर्शक इस फिल्म को खूब प्यार मिलेगा। उल्लेखनीय है कि फिल्म का टीजर रिलीज होने के बाद से ही दर्शकों में इस फिल्म को लेकर काफी उत्सुकता है। सोशल मीडिया पर फिल्म के पोस्टर और टीजर को खूब शेयर किया जा रहा है।

फिल्म में मुख्य किरदार निभा अभिनेता करन खान ने कहा कि 'तीजा के लुगरा-2' में भी बात अपनी छत्तीसगढ़ की माटी की है और छत्तीसगढ़ी संस्कृति व परंपरा को इसमें बखूबी दिखाया गया है। अभिनेता प्रकाश अवस्थी ने कहा कि फिल्म के माध्यम से दर्शकों को स्वस्थ व पारिवारिक मनोरंजन देने का प्रयास है। करन व प्रकाश ने उम्मीद जताई कि उनकी फिल्म को दर्शक जरूर पसंद करेंगे।



# सर्दियों में टूटने लगे हैं बाल तो इस चीज से करें मालिश, नहीं होगा नुकसान

सर्दियों का मौसम आते ही बालों की समस्याएं बढ़ने लगती हैं। बाल टूटने, रूखे और बेजान होने लगते हैं। ऐसे में बालों की देखभाल करना बहुत जरूरी है। अगर आप भी ठंड के दिनों में आप भी हेयरफॉल और अन्य प्रॉब्लम्स से परेशान हैं तो नारियल के तेल (Coconut Oil) का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस तेल में एंटीबैक्टीरियल, एंटीइंफ्लेमेटरी, एंटी फंगल और एंटी माइक्रोबियल गुण होते हैं। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन्स और मिनरल्स भी कूट-कूटकर भरे होते हैं। जिससे मालिश करने से बाल मजबूत, चमकदार और रूखे-बेजान होने से बचते हैं। आइए जानते हैं इसके फायदे।

### नारियल तेल को बालों में कैसे लगाएं

- 1. सबसे पहले नारियल के तेल को गर्म कर लें।
- 2. अब तेल को स्कैल्प और बालों में अच्छी तरह लगाएं और अच्छे से मसाज करें।
- 3. कोकोनट ऑयल को करीब 30 मिनट तक बालों में लगाए रखें।
- 4. अब अच्छी क्वॉलिटी के शैंपू से बालों को धोएं।
- 5. बालों को अच्छी तरह सुखाएं।

### सर्दियों में नारियल का तेल बालों में लगाने से पहले क्या करें

- अगर नहाने से 2-3 घंटे पहले भी बालों पर नारियल का तेल लगा सकते हैं।
- नारियल के तेल बालों में रात में सोते समय भी लगा सकते हैं, सुबह उठकर माइल्ड शैंपू कर सकते हैं।
- स्किन पर नारियल तेल लगा रहे हैं, तो नहाने के बाद लगाएं। इससे स्किन मॉइश्चराइज रहती है।
- नहाने से पहले भी पूरे शरीर पर नारियल का तेल लगा सकते हैं।

### सर्दियों में नारियल तेल के अन्य फायदे

- 1. रूखी और बेजान स्किन से राहत मिल सकती है।
- 2. त्वचा मुलायम, शाइनी और चमकदार बनती है।
- 3. चेहरे के एक्ने, दाग-धब्बों से छुटकारा मिलता है।
- 4. स्किन से जुड़ी बीमारियां खत्म हो सकती हैं।



### सर्दियों में क्यों टूटने लगते हैं बाल

- ड्राई एयर
- कम तापमान
- बालों की खराब देखभाल
- पोषण की कमी
- हार्मोनल बदलाव

### नारियल तेल से मालिश के फायदे

- बालों को पर्याप्त पोषण मिलता है।
- नारियल तेल में लॉरिक एसिड होता है, जिससे बालों को प्रोटीन मिलता है।
- नारियल का तेल बालों के लिए कंडीशनर का भी काम करता है।
- बालों को मजबूती मिलती है।
- बाल रूखे और बेजान नहीं होते हैं।
- बाल टूटते नहीं है।
- फ्रिजी बालों की समस्या दूर होती है।
- बालों में शाइनिंग आती है।
- बाल मुलायम, चमकदार और खूबसूरत बनते हैं।

# सूट पहन रकुल प्रीत सिंह ने शेयर कर दिखाई दिलकश अदाएं

**बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपने बोल्ड और ग्लैमरस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की है। इन फोटोज में उनकी हुस्न की बेबाक अदाएं देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।**

एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं रकुल प्रीत सिंह ने पीच कलर का अनारकली सूट पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही खूबसूरत नजर आ रही हैं। खुले बाल, गले में नेकलेस और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने इस आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है।

बता दें कि एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। रकुल प्रीत सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।

# बसंती का किरदार निभाने के लिए करुणा पांडे ने सीखा कानपुरी लहजा

अभिनेत्री करूणा पांडे ने सोनी सब के शो 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में बसंती का किरदार निभाने के लिए कानपुरी लहजा सीखा। सोनी सब के शो पुष्पा इम्पॉसिबल ने दर्शकों को पुष्पा की प्रेरक कहानी से आकर्षित किया है, जो एक दृढ़ इच्छाशक्ति वाली महिला है। वह जीवन की चुनौतियों का साहस और आशावाद के साथ सामना करती है। पुष्पा का किरदार निभाने वाली करुणा पांडे ने हाल ही में शो में दोहरी भूमिका निभाई है। इसमें वह पुष्पा और उसकी हमशक्ल बसंती दोनों की भूमिका में हैं। कहानी में एक चौंकाने वाला मोड़ आता है, जिसमें कानपुर में रहने वाली बसंती मुंबई में पुष्पा के परिवार में पहुंच जाती है, जबकि असली पुष्पा खुद को बसंती की जगह कानपुर में पाती है।

करुणा पांडे ने बताया कि कैसे उन्होंने बसंती की भूमिका निभाने के लिए कानपुर की बोलने की शैली को अपनाया और कैसे एक कलाकार होना और हर दिन कुछ नया सीखना मजेदार है। करुणा पांडे ने कहा,बसंती की भूमिका निभाने से मेरे जीवन में नई चुनौतियां और अनोखे अनुभव आए हैं। बसंती को भरोसेमंद तरीके से चित्रित करने के लिए मुझे ग्रामीण जीवन की बारीकियों में उतरना पड़ा क्योंकि वह कानपुर के चुन्नीगंज नामक स्थान से आती है।

इससे मुझे परफॉर्मेंस को और अधिक यथार्थवादी बनाने में मदद मिली।मैंने कानपुर का लहजा सीखने का काम अपने हाथ में लिया, जो मुझे शुरू में मुश्किल लगा। यह ऐसी चीज नहीं थी जिसकी मुझे आदत थी। प्रोडक्शन टीम ने एक लैंग्वेज इंस्ट्रक्टर मुहैया कराया जो सेट पर मेरे साथ रहता है और जब भी मैं कोई गलती करती हूँ तो मेरा मार्गदर्शन करता है। यह सहयोग अमूल्य रहा है, जिससे मुझे बोली को बेहतर बनाने और बसंती के किरदार में प्रामाणिकता लाने में मदद मिली।



# पानी पीने के बाद भी लगी रहती है प्यास? कहीं ये किसी गंभीर बीमारी का संकेत तो नहीं

**क्या पानी पीने के बावजूद आपकी प्यास नहीं बुझ रही, बार-बार प्यास लगी रहती है, हाइड्रेशन महसूस होता रहता है। अगर ऐसा है, तो ये सामान्य नहीं बल्कि किसी गंभीर बीमारी के संकेत हो सकते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है, प्यास लगना सामान्य होता है, लेकिन अगर यह समस्या लगातार बनी रहती है, तो ये शरीर में कुछ गड़बड़ होने का संकेत हो सकता है। आइए जानते हैं कि पानी पीने के बाद भी प्यास लगने से किन-किन बीमारियों का खतरा होता है।**



**पानी पीने के बाद बार-बार क्यों लगती है प्यास**

### पॉलीडिप्सिया

पानी हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी है। प्यास लगना एक नॉर्मल प्रक्रिया है लेकिन अगर बार-बार प्यास लग रही है तो ये पॉलीडिप्सिया (Polydipsia) की कंडीशन हो सकता है।पॉलीडिप्सिया में प्यास कई दिनों, हफ्तों या महीनों तक काफी ज्यादा बनी रह सकती है। इसमें पानी पीने के बावजूद प्यास बुझती नहीं है।

### डायबिटीज इन्सिपिडस

डायबिटीज इन्सिपिडस (Diabetes Insipidus) की समस्या में भी प्यास बार-बार लगती रहती है। पानी पीने के बावजूद प्यास महसूस होती रहती है। इस बीमारी में किडनी और इससे जुड़ी ग्रंथियों के साथ ही हार्मोन भी प्रभावित होते है। इसकी वजह से यूरीन ज्यादा निकल सकता है। जिसकी वजह से बार-बार प्यास लग सकती है।

### हाइपोकैलिमिया

जब खून में पोटैशियम की मात्रा सामान्य से कम हो जाती है तो हाइपोकैलिमिया की कंडीशन होती है। इसके मरीजों को बार-बार और ज्यादा प्यास लगती है। उल्टी-दस्त, कुछ दवाओं को खाने से पोटैशियम का लेवल प्रभावित हो सकता है। अगर ये समस्या लंबे समय तक बनी रहती है तो ज्यादा प्यास लग सकती है।

### शरीर के इन संकेतों को न करें इग्नोर

प्यास लगने का मतलब शरीर बताता है कि उसमें लिक्विड की कमी हो गई है। सामान्य परिस्थितियों में पानी पीने के बाद प्यास दूर हो जाती है। अगर पानी पीने के बाद भी प्यास महसूस हो रही है तो गंभीर समस्याओं का संकेत है। इसे लेकर तुरंत डॉक्टर के पास जाना चाहिए। सामान्य तौर पर एक दिन में तीन-चार लीटर पानी तो पीना ही चाहिए। बहुत ज्यादा पानी पीना भी हानिकारक हो सकता है।

### वित्त मंत्री ने सुशासन पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन का किया शुभारंभ, कहा-

# विकास के लिए महत्वपूर्ण कारक है सुशासन

## देशभर में हो रहे नवाचारों, बेस्ट प्रेक्टिसेस और जनोन्मुखी कार्यों पर सम्मेलन में हो रहा विमर्श

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। सुशासन विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है। इससे न केवल देश का सुव्यवस्थित विकास होता है, बल्कि यह नागरिकों के जीवन को भी बेहतर बनाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर प्रारंभ हुए स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, जीएसटी, जैम पोर्टल, डिजिटल इनक्लुजन जैसे नवाचारों ने देश में बड़ा बदलाव लाया है। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने आज नवा रायपुर में केन्द्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग तथा छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन एवं अभिसरण विभाग द्वारा सुशासन पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए ये विचार व्यक्त किए। छत्तीसगढ़ सहित देशभर से आए भारतीय प्रशासनिक सेवा और केन्द्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के अधिकारी सम्मेलन में सुशासन के लिए किए जा रहे नवाचारों, बेस्ट प्रेक्टिसेस और जनोन्मुखी कार्यों पर विमर्श कर रहे हैं।**



नागरिक केंद्रित सुशासन पर आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को 55 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में ब्यूरोक्रेट्स की महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने सम्मेलन में भागीदारी कर रहे विभिन्न राज्यों के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों से कहा कि सुशासन, नवाचार और बदलाव के लिए खुद को ट्रांसफॉर्म करना होगा, ताकि आप लोगों की प्रतिभा और व्यक्तित्व में क्षरण न हो। समय के साथ स्वयं को बदलने वाले ही प्रासंगिक रहेंगे। श्री चौधरी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेज़ी से बढ़ रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और सुशासन से वर्ष 2047 तक 55 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगी।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने सम्मेलन में कहा कि कई कलेक्टर और अधिकारी प्रभावी नवाचार कर रहे हैं। समय और अपने क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूप बेहतर नागरिक सेवाएं डिलीवर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सभी अधिकारियों को अपने कार्यक्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करने की जरूरत है, तभी कल्याणकारी पहलों को नागरिकों तक प्रभावी तरीके से पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था में छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के प्रति नजरिया तेजी से बदलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि सम्मेलन में दो दिनों तक होने वाले नवाचारों, बेस्ट प्रेक्टिसेस और सुशासन के कार्यों की चर्चा से राज्य के अधिकारी भी प्रेरित होंगे और उन्हें यहां लागू करने की पहल करेंगे।

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन की सफलता तभी है जब हम जिनके लिए काम कर रहे हैं, उनके चेहरों पर मुस्कान ला पाएं। आपके लाभार्थी आपके कार्यों से संतुष्ट हैं, तो वही सुशासन की सफलता है। सुशासन के लिए लक्षित लोगों तक योजनाओं और कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पहुंचाने के लिए अच्छी नीयत सबसे ज़रूरी है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में विभिन्न विकास प्राधिकरणों के गठन, रायपुर में कैनाल लिंकिंग रोड, एक्सप्रेस वे के निर्माण जैसे कई उदाहरण देते हुए कहा कि शासन-प्रशासन में यहां भी कई नवाचार हो रहे हैं। क्षेत्रीय और स्थानीय जरूरतों को देखते हुए उनके अनुरूप लोगों के कल्याण के काम हो रहे हैं।

केन्द्रीय प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के अतिरिक्त सचिव श्री पुनीत यादव ने उद्घाटन सत्र में कार्मिक एवं जन शिकायतों के निराकरण के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया की कई डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का उपयोग कर तेजी से शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है। देश के विभिन्न भागों में हो रहे नवाचार, बेस्ट प्रेक्टिसेस और सुशासन के कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर रेखांकित और पुरस्कृत किया जा रहा है।

आज के पहले सत्र में चार राज्यों में हो रहे अलग-अलग नवाचारों को साझा किया गया। भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक श्री एस.एन. त्रिपाठी ने इस सत्र की अध्यक्षता की। उत्तरप्रदेश में जल जीवन मिशन के संचालक श्री अनुराग श्रीवास्तव ने वहां सौर आधारित सफल जल प्रदाय योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सौर आधारित जल प्रदाय योजनाओं से उत्तरप्रदेश में अगले 30 सालों में एक लाख करोड़ रुपए की बचत होगी।

इन योजनाओं से कार्बन उत्सर्जन भी कम होगा। ओड़िशा के कोरापुट जिले के कलेक्टर वी. कीर्ति वासन ने ग्रामीण औद्योगिक काम्प्लेक्स के ज़रिए स्थानीय लोगों को रोज़गार से जोड़ने के लिए किए जा रहे नवाचार की जानकारी दी। भारतीय प्रशासनिक सेवा के नागालैंड के अधिकारी थवासीलन ने अपने राज्य में नागालैंड स्वास्थ्य सुरक्षा सोसाइटी और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के नवाचार को साझा किया। इनके माध्यम से वहां कैशलेस स्वास्थ्य बीमा सुविधा और राज्य से बाहर भी कैशलेस स्वास्थ्य बीमा लोगों को दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश में राजस्व विभाग की उपायुक्त अलका सिंह ने वहां फरवरी माह से शुरू किए गए साइबर तहसील संबंधी नवाचार से अधिकारियों को रू-ब-रू कराया। वहां 'संपदा' पोर्टल से जमीन की ऑनलाइन रजिस्ट्री और तत्काल नामांतरण किया जा रहा है। आधुनिक तकनीकों के उपयोग से राजस्व मामलों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। राज्य में लैंड रिकॉर्ड्स के डिजिटलाइजेशन के बाद 13 तहसीलदार 1364 राजस्व न्यायालय संचालित कर रहे हैं।

## पानी की बहुलता एवं बांध वाले क्षेत्रों में मत्स्य टूरिज्म को दिया जाएगा बढ़ावाः मंत्री रामविचार नेताम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में पानी की बहुलता एवं बांध वाले क्षेत्रों में मत्स्य टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे मत्स्य कृषकों के आय भी बढ़ेगी और निरंतर रोजी-रोजगार की व्यवस्था भी होगी। उन्होंने कहा कि मत्स्य किसानों को कलस्टरों और समितियों से जोड़कर समृद्ध बनाया जा सकता है।



इसके लिए किसानों को भी आगे आना चाहिए। कृषि मंत्री श्री नेताम इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में स्थित कृषि मंडुपम में विश्व मात्स्यिकी दिवस पर छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड द्वारा आयोजित एक दिवसीय मत्स्य कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि मत्स्य किसानों के निरंतर उन्नति और विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री मत्स्य किसान संपदा योजना शुरू की। पृथक से मत्स्य मंत्रालय का गठन किया है। निश्चित ही इससे छोटे-छोटे मत्स्य किसान को रोजगार मिलेगा और उनका जीवन स्तर बेहतर होगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में बहुत से किसानों के पास डबरी व गांव में तालाब होते है। जिसके माध्यम से मत्स्य पालन कर रोजी-रोजगार करते है। उन्होंने कहा कि सरकार मत्स्य किसानों के लिए संचालित योजना में 60 प्रतिशत अनुदान का भी प्रावधान किया है। मत्स्य कृषकों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि धमतरी, दुर्ग, रायपुर जैसे पानी की बहुलता वाले क्षेत्रों में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए काम करना चाहिए। संगोष्ठी कार्यक्रम को मंत्री केदार कश्यप ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति गिरीश चंदेल, नेहरू निषाद, मत्स्य कृषक बोर्ड के अध्यक्ष हेमलता निषाद, रामकृष्ण धीवर, नेतराम निषाद, कृष्णा हिरवानी, आनंद निषाद, बसंत सहित सहकारिता विभाग के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में मत्स्य कृषक उपस्थित थे।

## राज्य सरकार किसानों के सहुलियत को ध्यान में रखकर कर रही कार्यः मंत्री केदार कश्यप

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** सहकारिता मंत्री केदार कश्यप आज अभनपुर विकासखंड के केंद्री धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया उन्होंने इस मौके पर खरीदी केंद्र में नमी मापक यंत्र से धान की नमी की जांच की। उन्होंने कहा कि किसानों को धान बेचने में सहुलियतें प्रदान करने के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन टोकन की व्यवस्था की गई है। टोकन व्यवस्था में किसी भी प्रकार की समस्या किसानों को नहीं होगी। साथ ही धान खरीदी केंद्र से धान का उठाव भी जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा।

मंत्री श्री कश्यप ने केंद्र में धान बेचने आये किसानों से कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किसानों की तत्कालिक जरूरत को ध्यान में रखते हुए माइक्रो एटीएम के माध्यम से उपार्जन केंद्र में ही 2000 से 10,000 की राशि निकालने की सुविधा दी है। उन्होंने किसानों से माइक्रो एटीएम से पैसे निकालने की अपील की, किसान योगेश्वर साहू ने 10 हजार रूपए, झालीराम सिन्हा ने 10 हजार समेत अन्य किसानों ने मंत्री की उपस्थिति में माइक्रो एटीएम से पैसे निकाले। मंत्री श्री कश्यप ने इस मौके पर खरीदी केंद्र में पहुंचे किसानों से बातचीत कर सुविधाओं और व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों के हित में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल में धान खरीदा जा रहा है। इससे किसान सशक्त होंगे। सिंचाई के क्षेत्र में भी छत्तीसगढ़ सरकार योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है।

## जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जिले में अपनाया जा रहा फसल चक्र परिवर्तन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी।** देश, प्रदेश सहित जिले में भी गिरते हुए भूजल स्तर को ध्यान में रख जिला प्रशासन द्वारा जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए अनेक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें से एक है जल संरक्षण, भूमि की उर्वरता बनाए रखने के लिए फसल चक्र परिवर्तन अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करना। जिला प्रशासन द्वारा धमतरी जिले के गांव-गांव में जहां जल संरक्षण के लिए जल जगार महोत्सव आयोजित किया गया, वहीं ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन, तिलहन और नगदी फसल अपनाने हेतु फसल चक्र परिवर्तन शिविर भी आयोजित किए गए। नतीजन जिले के ग्राम परसतराई, लोहरसी, रांवा, गुजरा, गोहाननाला और बगदेही के ग्रामीणों ने ग्राम विकास समिति की बैठक आहूत कर ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन, तिलहन और नगदी फसल लेने तथा धान को हतोत्साहित करने का निर्णय लिया।




जिले में कृषि एवं संबंधित विभागों द्वारा अब तक 182 गांवों में फसल चक्र परिवर्तन शिविर आयोजित किए गए, वहीं 48 गांव में विशेष शिविर लगाया गया। इसके साथ ही ऋक्ष्श्व (ग्रामीण कृषि कार्य के अनुभव) के माध्यम से 5 गांवों में विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें लगभग 12 हजार चार सौ से अधिक किसान शामिल हुए और ग्रामीणों को जागरूक किया। इसके अलावा कृषि और उद्यानिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी गांवों का भ्रमण कर किसानों को दलहन, तिलहन और नगदी फसलों से होने वाले लाभ की जानकारी दी गई। जिले में रबी वर्ष 2024-25 में दलहन, तिलहन की खेती के लिए अब तक 3 हजार 188 क्विंटल 59 किलोग्राम बीज का वितरण किसानों को किया गया। इनमें समिति से एक हजार आठ क्विंटल आठ किलोग्राम, बीजग्राम/प्रदर्शन से एक हजार 874 क्विंटल 51 किलोग्राम और नगद 306 क्विंटल बीज शामिल हैं। जबकि रबी वर्ष 2023-24 में समितियों से 38 क्विंटल 65 किलोग्राम ही दलहन, तिलहन का बीज वितरित किया गया था। इस तरह इस वर्ष रबी फसल के लिए समितियों से दलहन, तिलहन बीज वितरण में इजाफा हुआ है। गौरतलब है कि इस वर्ष जिले की लगभग 25 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में फसल चक्र अपनाने का लक्ष्य रखा गया है।

रबी ऋण वितरण वर्ष 2024-25 के तहत जिले के सभी 11 समितियों के माध्यम से दो हजार 602 सदस्यों को कुल 6 करोड़ 72 लाख 8 हजार रूपये का ऋण वितरण किया गया। इनमें 6 करोड़ 60 लाख 5 हजार रूपये नगद और 12 लाख 3 हजार रूपये सामग्री के तौर पर वितरित किया गया। बता दें कि जिला प्रशासन द्वारा किसानों को पानी का सदुपयोग करने की लगातार समझाईश दी जा रही है। ग्रीष्मकाल में पानी की भयावहता को रोकने के लिए इसमें स्थानीय ग्रामीण भी बढ-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ में ई-ऑक्शन से ईमारती लकड़ी, बांस, बल्ली की नीलामी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में वन विभाग ई-ऑक्शन के माध्यम से ईमारती काष्ठ, बांस, बल्ली और जलाऊ लकड़ी के नीलामी का सिस्टम को शीघ्र लागू किया जाएगा। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित वनोपज राजकीय व्यापार अंतर्विभागीय समिति (आईडीसी) की 301वीं बैठक में लिया गया। यह बैठक आज नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन में हुई।



गौरतलब है कि वन विभाग द्वारा अभी तक खुली निविदा के माध्यम से ईमारती काष्ठ, बांस, बल्ली और जलाऊ लकड़ी की नीलामी की जाती थी। ई-ऑक्शन के माध्यम से नीलामी का उद्देश्य क्रेताओं को सुविधा, नीलामी में पारदर्शिता एवं राजस्व में वृद्धि है। मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि लकड़ियों की ई-ऑक्शन से राजस्व में लगभग 15 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की उम्मीद है। मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि ई-ऑक्शन प्रणाली लागू होने से ईमारती लकड़ी, बांस, बल्ली एवं जलाऊ का ई-नीलामी पोर्टल के माध्यम से संबंधित डिपो में नीलामी की निर्धारित तिथि पर कहीं से भी क्रय किया जाना संभव होगा, जबकि खुली नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए क्रेता या उसके प्रतिनिधि को नीलामी स्थल में उपस्थित होना पड़ता था। अब क्रेता अपनी सुविधा अनुसार कहीं से भी नीलामी में भाग लेकर ईमारती लकड़ी, बांस, बल्ली एवं जलाऊ का क्रय कर सकते हैं। ई-ऑक्शन प्रणाली लागू होने से ईमारती लकड़ी, बांस, बल्ली, एवं जलाऊ की नीलामी में पारदर्शिता आएगी। क्रेताओं को काष्ठ क्रय करने में सुविधा होगी। राजस्व में कम से कम 15 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। राज्य में इस प्रणाली को शीघ्र लागू किया जायेगा।

बैठक में वनोपज राजकीय अंतर्विभागीय समिति द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के तेन्दूपत्ता संग्रहण वर्ष 2022, 2023 सीजन कारारनामा समाप्त लाट की विक्रय पर निर्णय लिया गया। वर्ष 2021, 2022, 2023 एवं 2024 संग्रहण काल में न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं समर्थन मूल्य पर खरीदे गऐ विभिन्न लघु वनोपज में से अवशेष वनोपजों को ई-निविदा से प्राप्त दर के अनुमोदन पर भी निर्णय लिया गया।

बैठक में मंत्री श्री कश्यप ने अधिकारियों को न्यूनतम समर्थन मूल्य दर पर संग्रहित किये जा रहे 67 लघु वनोपज के अतिरिक्त और भी प्रजातियों के लघु वनोपजों को समर्थन मूल्य पर खरीदी करने एवं लघु वनोपज का बाजार मूल्य का आंकलन करते हुए आवश्यकतानुसार समर्थन मूल्य में वृद्धि कर, विक्रय करने के निर्देश दिए। उन्होंने दंतेवाड़ा जिले में लघु वनोपज भंडारण हेतु निर्मित कोल्ड स्टोरेज के उन्नयन एवं नवीनीकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

इस अवसर पर वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजीता गुप्ता, सचिव वन अमरनाथ प्रसाद, एमडी छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ अनिल साहू, पीसीसीएफश्री एम.टी.नंदी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### बालोद जिले में वन रक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी शुरू

**बालोद।** वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग जिला बालोद के द्वारा जिले में वनरक्षक के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी गई है। वनमण्डलाधिकारी बीएस सरोटे ने बताया स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में मैदानी तैयारी का कार्य अंतिम चरण पर है।

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर, अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### केवरा के किराना दुकान से 500 क्विंटल अवैध धान की जब्ती

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश पर जिले के सहकारी समितियों में अवैध धान की आवक, रिसाइक्लिंग, कोचियों-बिचौलियों द्वारा धान के अवैध विक्रय को रोकने के लिए राजस्व अमला सक्रिय रूप से कार्य करा है। प्रतापपुर एसडीएम श्रीमती ललिता भगत द्वारा लगातार दो दिन अवैध धान जब्ती का कार्यवाही की गई है। जिसके तहत आज ग्राम केवरा के किराना दुकान के पीछे बने गोदाम से 1300 बोरी (500 क्विंटल) धान की जब्ती की गई। जानकारी लेने पर दुकान के संचालक के पास मंडी लाइसेंस था परंतु उसके द्वारा जारी लाइसेंस के विरूद्ध तय सीमा से अधिक धान का भण्डारण गोदाम में पाया गया। जिसे लेकर दुकान संचालक के पास कोई संतोषजनक जवाब नहीं था। टीम के द्वारा प्रकरण बनाकर अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया गया है जिसमें मंडी अधिनियम के तहत आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

### अवैध रूप से दुकानों में पेट्रोल का भडारण

**दंतेवाड़ा।** खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार आज विकासखण्ड दन्तेवाड़ा के विभिन्न संस्थानों में खाद्य निरीक्षक प्रमोद कुमार सोनवानी, खाद्य निरीक्षक धीरेन्द्र कश्यप तथा खाद्य निरीक्षक श्रीमती प्रीति ठाकुर के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्यालय के मेसर्स दशमती किराना स्टोर्स में 3 ली. पेट्रोल, मेसर्स जीतू किराना स्टोर्स में 1.5 ली. पेट्रोल, मेसर्स श्री ओम साई सैलून में 3 ली. पेट्रोल, मेसर्स देवांगन किराना स्टोर्स में 4.5 ली. पेट्रोल, मेसर्स जमुना फ्रूट एण्ड डेली निड्स में 6 ली. पेट्रोल तथा मेसर्स सीताराम पान पैलेस में 6 ली. पेट्रोल, अवैध रूप से विक्रय के उद्देश्य से रखा पाया गया। इस संबंध में अवैध रूप से ज्वलनशील पदार्थ (पेट्रोल) भंडारित होने व छ.ग. एम. एस. एच. एस. डी. (अनुज्ञापन तथा नियंत्रण) आदेश 1980 का उल्लंघन पाये जाने पर भंडारित ज्वलनशील पदार्थ (पेट्रोल) को जप्त कर लिया गया। इसके अलावा इन दुकानों में अग्नि दुर्घटना से बचाव हेतु कोई सुरक्षा उपाय नहीं था। जिसके लिए आगे की कार्यवाही हेतु प्रकरण को कलेक्टर (खाद्य शाखा) में प्रस्तुत किया गया है।

### चिटफंड कंपनी के निदेशक से पूछताछ जारी

**कोरबा।** कोतवाली पुलिस ने आज एक महिलाओ को आत्मनिर्भर एवं भारी धन संचय करने की योजना में लाभ उठाने का झांसा देने वाली एक तथा कथित चिटफंड कंपनी के कथित निदेशक को बुलाकर उस पर लगे गंभीर आरोप के संबंध में गहन पूछताछ प्रारंभ कर दी हैं। नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल ने इस संबंध में जानकारी दी हैं की पकडे गए कथित आरोपित के कारोबार और उसमे शामिल जनों के संबंध में विस्तार से जानकारी जुटाई जा रही हैं। इस कथित आरोपी पर आरोप लगा हैं की वह अपने कारोबार के माध्यम से अंचल की भोलीभाली महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने एवं जमा राशि पर बेतहाशा ब्याज जुटाने का लालच दे उन्हें ठगी के प्रयास में संलग्न हैं।

# पंजाब से हेरोइन की तस्करी करने वाले 2 गिरफ्तार, एक लाख का हेरोइन जब्त

## एन्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट दुर्ग एवं थाना वैशाली नगर की संयुक्त कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नशे के कारोबारियों के खिलाफदुर्ग पुलिस की कार्रवाई लगतार जारी है इसी कड़ी में दुर्ग पुलिस ने हेरोइन यानि चिट्टा बेचने के अवैध कारोबार में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी पंजाब से चिट्टा लाकर भिलाई के वैशाली नगर थाना क्षेत्र में बेचते थे। आरोपियों का एक साथी पहले ही जेल भेजा जा चुका है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1 लाख रुपए कीमत का 14 ग्राम चिट्टा जब्त किया है। इस पूरे मामले में दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने गुरुवार को खुलासा किया।



एसपी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि बब्बू अली नाम का व्यक्ति कुछ दिन पहले चिट्टा खरीदने के लिए पंजाब गया था। वो हाल ही में पंजाब से वापस आया है। उसके पास काफी अधिक मात्रा में चिट्टा है। सूचना मिलते ही एसीसीयू की टीम सक्रिय हो गई। वो बब्बू की निगरानी रख ही रही थी।बुधवार को उन्हें पता चला कि वो हरपाल सिंह के साथ चिट्टा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। वो कुछ समय पहले वृन्दा नगर, दक्षु बाड़ी मैदान, करंज झाड़ के नीचे खड़े देखा गया है।

### पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा

सूचना मिलते ही डीएसपी क्राइम हेम प्रकाश नायक ने एसीसीयू प्रभारी तापेश नेताम को टीम के साथ वहां भेजा। तापेश ने अपनी टीम के साथ उनकी घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही आरोपी वहां से भागने लगे। पुलिस ने दोनों को भागते हुए दबोच लिया। पूछताछ करने पर एक आरोपी ने अपना नाम बब्बू अली और दूसरे ने हरपाल सिंह बताया। दोनों की तलाशी लेने पर बब्बू अली के पास से 8 ग्राम और हरपाल के पास से 6 ग्राम कुल 14 ग्राम चिट्टा (हेरोईन) जब्त किया गया। जब्त चिट्टा की कुल कीमत लगभग 1 लाख रुपये बताई जा रही है।

### बब्बू हत्या के मामले में जा चुका है जेल

एसपी दुर्ग ने बताया कि, गिरफ्तार आरोपी बब्बू अली पहले भी धारा 302 यानि हत्या और चाकूबाजी के मामले में जेल जा चुका है। जामुल पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज किया था। इसमें उसे 15 वर्ष की सजा हुई थी। जेल से बाहर आने के बाद वो हेरोइन के अवैध कारोबार से जुड़ गया। दुर्ग एसपी ने कहा कि, उनकी कार्रवाई केवल बब्बू तक नहीं सीमित रहेगी। नशे के पूरे नेटवर्क को तोडने के लिए वो उस आरोपी को भी गिरफ्तार करेंगे, जहां से बब्बू हेरोईन लाता था। इसके पुलिस पंजाब पुलिस से सहयोग लेकर वहां भी कार्रवाई करेगी।

### ये आरोपी हेरोइन के साथ हुए गिरफ्तार

बब्बू अली पिता लियाकत अली (40 साल) निवासी वृन्दा नगर, केम्प-1, दिवाकर भारती के घर के पीछे, थाना सुपेला, भिलाई

हरपाल सिंह पिता सुखदेव सिंह (24 साल) निवासी संग्राम चौक, हनुमान मंदिर के पास 18 नंबर रोड, केम्प-1, थाना वैशाली नगर, भिलाई

# रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए राजस्व निरीक्षक और पटवारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। एंटी करप्शन ब्यूरो ने जिले के दर्री तहसील के एक राजस्व निरीक्षक और एक पटवारी को जमीन के सीमांकन के लिए रिश्वत लेते हुए रँगे हाथों गिरफ्तार किया है। जिले के बांकीमोंगरा क्षेत्र में रहने वाले संजय दिवाकर ने जमनीपाली में एक भूखंड को खरीदने के लिए भूमि स्वामी शत्रुघ्न राव के साथ सौदा किया है। संजय जमीन की रजिस्ट्री से पहले भूखंड का सीमांकन कराना चाहता था। इस कार्य के लिए उसने दर्री तहसील कार्यालय में कार्यरत राजस्व निरीक्षक अश्वनी राठौर से मुलाकात किया। राठौर को अपना काम बताया, उसने इसी मसले को लेकर हल्का पटवारी धीरेंद्र लाटा से भी संपर्क किया। लाटा ने सीमांकन के लिए 15 हजार रुपए की मांग किया। इसके बिना राजस्व निरीक्षक और पटवारी जमीन को चिन्हित करने के लिए तैयार नहीं थे।



इस बीच संजय दिवाकर ने राजस्व निरीक्षक और पटवारी के कार्यालय का कई बार चक्कर लगाया लेकिन दोनों 15 हजार रुपए लिए बिना जमीन के सीमांकन के लिए तैयार नहीं हुए। तब संजय ने इस मामले को लेकर एंटी करप्शन ब्यूरो से संपर्क किया। संजय बिलासपुर पहुंचा और उसने रिश्वत मांगे जाने की लिखित शिकायत दर्ज कराया। इसके बाद एसीबी की टीम हरकत में आई और रिश्वत लेने वाले को रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनाई गई। एसीबी से प्राप्त निर्देशों के आधार पर संजय, राजस्व निरीक्षक अश्वनी राठौर और हल्का पटवारी धीरेंद्र लाटा से मिलने पहुंचा। 13 हजार रुपए में जमीन सीमांकन के लिए धीरेंद्र लाटा काफी मोल भाव करने के बाद तैयार हुआ। एसीबी के बिछाए जाल में जब अश्वनी और धीरेंद्र फंस गए तब बुधवार को एसीबी की टीम कोरबा पहुंची। टीम ने जमनीपाली क्षेत्र में संजय को 5000 रुपए देकर पटवारी धीरेंद्र लाटा के पास भेजा। धीरेंद्र लाटा ने इस पैसे को ले लिया। एक अन्य टीम संजय के साथ अश्वनी राठौर के पास पहुंची। अश्वनी के लिए संजय के जरिए 8000 रुपए घूस भेजा गया। इस राशि को अश्वनी ने ले लिया। इसके तुरंत बाद एसीबी की टीम ने अश्वनी को पकड़ लिया। पटवारी धीरेंद्र और राजस्व निरीक्षक अश्वनी से रिश्वत की 13 हजार रुपए को जब्त किया गया। पूछताछ के लिए टीम ने दोनों को हिरासत में लिया और देर रात तक दर्री क्षेत्र में उनसे पूछताछ जारी है। एसीबी ने इस मसले को लेकर एक प्रेस नोट जारी किया है इसमें बताया है कि आरोपियों के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7-12 के तहत केस दर्ज किया गया है। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।


### इससे पहले पकड़े गए थे नगर निगम के दो रिश्वतखोर इंजीनियर

इसके पहले एसीबी की टीम ने नगर निगम दर्री जोन कार्यालय में कार्यरत तत्कालीन इंजीनियर और सब इंजीनियर को गिरफ्तार किया था। दोनों पर एक ठेकेदार से कराए गए कार्य के बदले बिल तैयार करने के लिए रिश्वत लेने का आरोप है। एसीबी ने गिरफ्तारी के बाद दोनों को जेल भेज दिया था। कई माह तक दोनों अफसर जेल में रहे। हाल ही में बेल पर रिहा हुए हैं। अब इस मामले की सुनवाई कोरबा के कोर्ट में चल रही है। जिले में हो रही एसीबी की कार्रवाई से भ्रष्ट अधिकारियों में सन्नाटा पसरा है वहीं इनसे परेशान लोग राहत महसूस कर रहे हैं। राजस्व विभाग में भी भ्रष्टाचार काफी फैल चुका है और बिना रिश्वत विभाग में कार्य कराना आम लोगों के लिए कठिन है।

# लूट के आरोपी की अस्पताल में मौत, पुलिस व जेल प्रशासन पर लगा मारपीट का आरोप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सुपेला थाना क्षेत्र में हुए लूट के मामले में जेल में बंद आरोपी की मौत पर बवाल मचा हुआ है। स्मृति नगर चौकी थाना सुपेला में दर्ज धारा 115(2),309(4),3(5) बीएनएस (लूट) के प्रकरण में फरीदनगर डेरा निवासी आरोपी पिंटू नेताम को 18 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। उसे अन्य दो आरोपियों के साथ जेल भेज दिया गया। 21 जून को मेकाहरा में उसकी मौत हो गई। बंदी की मौत के बाद पुलिस व जेल प्रशासन पर बंदी से मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया। इस मामले में सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बयान जारी कर इसे अफवाह बताया है।



सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि लूट के मामले में पिंटू नेताम को अन्य आरोपियों के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था आरोपी पिंटू नेताम 18 अक्टूबर 24 से केंद्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध था। अरोपी पिंटू नेताम को पूर्व से मिर्गी के झटके आने की शिकायत भी थी। केंद्रीय जेल में निरुद्ध रहने के दौरान गिरफ्तारी के लगभग 28 दिन बाद 15 नवंबर 24 को अचानक उसका ब्लड प्रेशर लो होने से इलाज के लिए जिला अस्पताल दुर्ग एडमिट किया गया था। सामान्य होने के बाद उसे 17 नवंबर 24 को वापस केंद्रीय जेल दुर्ग वापस भेज दिया गया।

सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि 18 नवंबर को 24 को उसका ब्लड प्रेशर लो होने की शिकायत के बाद जेल प्रशासन द्वारा उपचार हेतु मेकहारा अस्पताल रायपुर एडमिट कराया गया था। जहां डॉक्टरों द्वारा ब्रेन स्ट्रोक के कारण उसका ब्लड प्रेशर लो होना एवम ब्रेन में ऑक्सीजन सप्लाई कम होने की बात बताई गई और उसे आईसीयू में रखा गया। उपचार के दौरान 21 नवंबर को उसकी मृत्यु हो गई है। सीएसपी तिवारी ने बताया कि पुलिस कार्यवाही या जेल में अभिरक्षा के दौरान उसके साथ किसी भी प्रकार का मारपीट या उत्पीड़न जैसी कोई घटना नहीं हुई है। कतिपय तत्वों द्वारा मृतक पिंटू नेताम के साथ पुलिस द्वारा मारपीट किए जाने का भ्रामक खबर जान बूझकर फैलाया जा रहा है और कानून व्यवस्था की स्तिथि ख़राब करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पूर्णतया भ्रामक बेबुनियाद और निराधार है। विचाराधीन बंदी की मृत्यु की मजिस्ट्रियल जांच विधिअनुरूप की जाएगी।

# शराबी सहायक शिक्षक निलंबित, दूसरे शिक्षक को किया गया निलंबन की अनुशंसा

## कलेक्टर जनदर्शन में हुई थी शिकायत

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायगढ़।** कलेक्टर जनदर्शन में गत दिवस शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राम भगत निषाद, हाई स्कूल कांशीचुवा के द्वारा माध्यमिक शाला कांशीचुवा में पदस्थ भास्कर भूषण सिदार, शिक्षक एलबी एवं प्राथमिक शाला कांशीचुवा में पदस्थ हेमसुन्दर सिदार, सहायक शिक्षक एलबी के विरुद्ध अध्यापन कार्य सही ढंग से नहीं कराए जाने एवं नशे की हालत में विद्यालय आने, विद्यालय में ही नशे की हालत में सो जाने, बिना अनुमति विद्यालय छोडने, विद्यालयीन कार्यों में सहयोग नहीं करने, विद्यालय नियमों के विपरीत हरकत करने, बच्चों एवं सहकर्मियों से अनर्गल बातें करने, ग्राम वासियों एवं शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा शिक्षक के द्वारा दुर्व्यवहार करने जैसी विभिन्न शिकायत कलेक्टर जन दर्शन में प्राप्त हुए थे। कलेक्टर के द्वारा जनदर्शन में प्राप्त आवेदन के अनुक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी को कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। निर्देश उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यता की जांच कर पश्चात हेमंत सुंदर सिदार, सहायक शिक्षक एलबी, शासकीय प्राथमिक शाला कांशीचुवा, विकासखंड रायगढ़ को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय रायगढ़ नियत किया गया है। साथ ही दूसरे शिक्षक भारत भूषण सिदार, शिक्षक एलबी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला काशीचुवा, विकासखंड रायगढ़ चूंकि वे शिक्षक पद पर पदस्थ हैं और इन्हें निलंबन का अधिकार संयुक्त संचालक, शिक्षा को होता है, इसलिए इनके ऊपर अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु प्रस्ताव संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर को प्रेषित की गई है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देश एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिलों की स्कूलों में कसावट लाने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.वेंकट राव ने सभी प्राचार्यो, प्रधान पाठकों, व्याख्याताओं, शिक्षकों, सहायक शिक्षकों, कार्यालयीन लिपिक, भृत्यों को नियत समय पर स्कूल में उपस्थित होने और सही तरीके से अध्यापन कार्य करने को कहा है अन्यथा आगे भी इसी तरह की कार्यवाही की जाएगी।

# ट्रेलर ने पहले कार को, फिर स्वराज माजदा को ठोकर मारी

**कोरबा।** नेशनल हाईवे 130 पर आधी रात को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार ट्रेलर ने पहले एक कार को ठोकर मारी, फिर स्वराज माजदा को भी ठोकर मार दी। घटना में ट्रेलर ड्राइवर गाड़ी से कूदकर भाग गया। इसी दौरान, एक और तेज रफ्तार आ रही ट्रेलर सीधे खड़े ट्रेलर में जा घुसी। घटना में ट्रेलर ड्राइवर गाड़ी के केबिन में घायल होकर फंस गया। रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद लगभग 2 घंटे में उसे निकाला गया। वह गंभीर रूप से घायल था। इस हादसे के कारण लगभग 3 घंटे तक कटघोरा से अंबिकापुर मार्ग पर जाम लगा रहा। डायल 112 और कटघोरा तथा बांगो पुलिस ने मिलकर जाम को बहाल करने में मदद की। हादसे में कार कटघोरा के वार्ड 3 के पार्षद की बताई जा रही है। कार और स्वाराज माजदा के ड्राइवर को हल्की चोटें आईं, लेकिन कार का आधा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, बेमेतरा**

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 5826 / NIT-5 /2024-2025/ व ले लि — दिनांक : 20/11/2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:- 29/11/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि:- 05/12/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- 06/12/2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम/ NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख मे) अमानत राशि(रू.मे) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 5 T0011 | त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव (बेमेतरा विधानसभा) हेतु स्ट्रांग रूम का मरम्मत कार्य | 5.00 3750.00 |
| 5 T0012 | त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव (बेमेतरा विधानसभा) हेतु स्ट्रांग रूम का मरम्मत एवं रंगाई पोताई का कार्य | 5.00 3750.00 |
| 5 T0013 | त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव (साजा विधानसभा) हेतु स्ट्रांग रूम का मरम्मत कार्य | 5.00 3750.00 |
| 5 T0014 | त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव (साजा विधानसभा ) हेतु स्ट्रांग रूम का मरम्मत एवं रंगाई पोताई का कार्य | 5.00 3750.00 |
| 5 T0015 | त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव (नवागढ़ विधानसभा) हेतु स्ट्रांग रूम का मरम्मत कार्य | 5.00 3750.00 |
| 5 T0016 | त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव (नवागढ़ विधानसभा ) हेतु स्ट्रांग रूम का मरम्मत एवं रंगाई पोताई का कार्य | 5.00 3750.00 |
| 5 T0017 | त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु बेमेतरा उपसंभाग में मार्गो का मरम्मत कार्य | 5.00 3750.00 |
| 5 T0018 | त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु बेमेतरा उपसंभाग के मार्गो का मरम्मत कार्य | 5.00 3750.00 |
| 5 T0019 | त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु साजा उपसंभाग में मार्गो का मरम्मत कार्य | 5.00 3750.00 |
| 5 T0020 | त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु साजा उपसंभाग के मार्गो का मरम्मत कार्य | 5.00 3750.00 |
| 5 T0021 | त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु नवागढ़ उपसंभाग में मार्गो का मरम्मत कार्य | 5.00 3750.00 |
| 5 T0022 | त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु नवागढ़ उपसंभाग के मार्गो का मरम्मत कार्य | 5.00 3750.00 |

निविदा संबंधी शर्तो का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-242503950/3

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. ( भ/स ) संभाग बेमेतरा



दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई



भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)



भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572



भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766



राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

### मुख्यमंत्री साय से बोली महिला कांस्टेबल

# सुरक्षा बल का हिस्सा बनकर होता है गर्व

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। आज जब युवा साथी मुझसे कहते हैं कि हम भी आपके जैसे बनना चाहते हैं, तब मैं गर्व और हौसले से भर जाती हूं। मैं चाहती हूं कि बस्तर के अधिक अधिक से अधिक युवा सुरक्षा बलों में भर्ती होकर देश की सुरक्षा में अपना योगदान दें। मुझे बहुत खुशी और गर्व है कि मैं इस सुरक्षा बल का हिस्सा हूं और नक्सल अभियानों में मेरी भूमिका रही है। सीआरपीएफबस्तरिया बटालियन की जांबाज महिला कांस्टेबल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके बस्तर के सेडवा कैंप प्रवास के दौरान ये बातें साझा की।**



मुख्यमंत्री श्री साय बस्तरिया बटालियन की महिला कांस्टेबल के आत्मविश्वास से भरे शब्दों को सुनकर गर्व से भर गए और शाबाशी देते हुए कहा कि जवानों के हौसलों से ही हमें ताकत मिलती है। उन्होंने कहा कि नक्सल ऑपरेशन में बस्तर की बहुत सारी बेटियां चुनौतियों के बीच सफलतापूर्वक काम कर रही हैं। बस्तर में नक्सलवादियों से मुकाबला करती हमारी बेटियों के पराक्रम का कोई सानी नहीं है।

मुख्यमंत्री श्री साय को बताया गया कि सीआरपीएफ के चुनिंदा जवानों को कोबरा बटालियन में काम करने का मौका दिया जाता है। इन जवानों को नक्सल ऑपरेशन और जंगलवार में महारत हासिल है। जवानों ने टेकलगुड़ेम में कैम्प स्थापना के दौरान हुई घटना का जिक्र करते हुए बताया कि नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में हमारे कई साथी घायल हुए लेकिन हमारी टीम ने डटकर मुकाबला किया और कैम्प स्थापित करने में सफल हुए, जिसके कारण नक्सलियों को गांव छोडकर भागना पड़ा।

जवानों ने अबूझमाड़ की चुनौतियों के बारे में मुख्यमंत्री को बताया। उन्होंने कहा कि दुर्गम इलाकों में कई तरह की चुनौतियों का सामना करने के बावजूद सभी जवानों का मनोबल ऊंचा है। हमारी तैनाती संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में होती है और हम हर तरह की चुनौतियों से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। हमारी कोशिश है कि हमारा राज्य नक्सलमुक्त हो। हम सब जवान टीम वर्क के साथ अभियानों को अंजाम देते हैं। नक्सल ऑपरेशन के दौरान जब जवान घायल होते हैं तब उनके लाइफसपोर्ट के लिए भी टीम हमेशा मुस्तैद रहती है। ग्राउंड जीरो से हायर मेडिकल फेसिलिटिज तक जवानों को ले जाने के लिए एयर लिफ्ट करने का काम भी तत्काल किया जाता है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय बस्तर प्रवास के दौरान अचानक ही सीआरपीएफ बस्तरिया बटालियन में जवानों से मिलने बस्तर जिले के सेडवा कैंप पहुंचे थे। यहां उन्होंने जवानों से खुलकर आत्मीयतापूर्वक बात की और जवानों ने भी मुख्यमंत्री से आत्मीय संवाद करते हुए माओवादी आतंक के उन्मूलन के प्रयास में अपने अनुभवों और चुनौतियों को साझा किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर जवानों की तारीफ करते हुए कहा कि नक्सलियों के विरुद्ध हमने जो सफलता हासिल की है, उसमें पुलिस और सुरक्षा बलों की अनेक टीमों और बटालियनों की साझी भागीदारी है। इसके साथ-साथ स्थानीय शासन के विभिन्न विभागों ने भी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सलवादी मानवता के दुश्मन हैं। बारूदी सुरंगें बिछाते हुए वे जरा भी नहीं सोचते कि इनसे आम लोगों की जानें भी जा सकती हैं। कई बार छोटे-छोटे बच्चे भी इन बारूदी सुरंगों की चपेट में आ जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोगों का काम सचमुच बहुत चुनौतीपूर्ण है, लेकिन हर चुनौती को चूर-चूर करना आप लोगों को आता है। आज हमारे जवान अबूझमाड़ जैसे दुर्गम क्षेत्र में भी नक्सलवाद का सफाया करते हुए सफलता के झंडे लहरा रहे हैं। नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में सुरक्षा बलों ने देश के सामने संगठन और समन्वय का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# सुशासन के लिए जनभागीदारी जरूरी, गुड गवर्नेंस की रीजनल कॉन्फ्रेंस में बेस्ट प्रेक्टिसेस पर हुई चर्चा

## रायपुर में चल रही है 'गुड गवर्नेंस' पर दो दिवसीय रीजनल कॉन्फ्रेंस, देश के विभिन्न राज्यों के 150 प्रतिनिधि ले रहे भाग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार के संयुक्त तत्वाधान में नवा रायपुर में ''गुड गवर्नेंस'' पर दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन आज से शुरू हुआ। इस सम्मेलन में गुड गवर्नेंस की बेस्ट प्रेक्टिसेस, नागरिक सशक्तिकरण, शासन-प्रशासन के कामकाज और नागरिक सेवाओं की आम जनता तक पहुंच को आसान बनाने के लिए विभिन्न ई-प्लेटफार्म के उपयोग आदि से संबंधित विषयों पर हुए विचार-विमर्श के दौरान वक्ताओं ने कहा कि सुशासन के लिए जनभागीदारी जरूरी है। इसके जरिए कठिन से कठिन चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है। इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यो से आए 150 प्रतिनिधि सहित छत्तीसगढ़ राज्य के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी भाग ले रहे हैं।



सम्मेलन के पहले दिन के दूसरे सत्र में ''जिला प्रशासन में महिला नेतृत्व'' विषय पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ शासन की अपर मुख्य सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा ने की। इस सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले की कलेक्टर श्रीमती मोनिका रानी एवं लखीमपुरी-खीरी की कलेक्टर श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल और छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले की कलेक्टर श्रीमती नम्रता गांधी ने सत्र को सम्बोधित किया। कलेक्टर श्रीमती मोनिका रानी ने सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हमें फील्ड में जाकर जनता से मिलकर शासकीय सेवाओं की सहजता से आम जनता तक पहुंच सुनिश्चित करना चाहिए। कलेक्टर श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है क्योंकि वे मल्टीटास्कर, प्राकृतिक रूप से देखभाल करने वाली और संवेदनशील होती हैं। उन्होंने आगे कहा कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में महिलाओं के समूह केले की खेती और सह-उत्पाद निर्माण और ई-कॉमर्स से अपने उत्पाद का विक्रय कर रहा है। महिला समूहों के इस कार्य की प्रशंसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की है।

धमतरी कलेक्टर नम्रता गांधी ने अपने व्यक्तव्य में नारी शक्ति से जल शक्ति जल जगार कार्यक्रम की सफलता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जन विश्वास एवं जनसहयोग से बड़े से बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। जल जगार के बड़े सार्थक परिणाम सामने आए हैं। जिले में जल संग्रहण और भू-जल स्तर बढ़ा है। फसल चक्र परिवर्तन किसानों ने अपनाया है। उन्होंने बच्चों के मेंटल हेल्थ, एजुकेशन विशेषकर देश के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे आईआईटी, एम्स एवं मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

सम्मेलन के तीसरे सत्र ''जिलों का समग्र विकास'' विषय पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक ने की। इस सत्र में वक्ता के रूप में सहायक आयुक्त वेस्ट गारो हिल श्री चौतन्य अवस्थी, सुकमा कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव, कलेक्टर पठानकोट श्री आदित्य उप्पल ने अपने विचार साझा किए। श्री चौतन्य अवस्थी ने कहा कि उत्तर-पूर्व के क्षेत्रों में भौगोलिक परिस्थिति के कारण अधिक चुनौतियां होती हैं, जिनसे निपटने के लिए हमने जनभागीदारी और सशक्तिकरण, प्रतिस्पर्धा और तकनीक का उपयोग किया है। इससे जिले की उपलब्धियां पिछले वर्षों के मुकाबले दोगुनी हुई हैं। उन्होंने बताया कि पीएम आवास योजना के लिए बैंकों को रजिस्ट्रेशन डेस्क के रूप में उपयोग किया गया। पश्चिम गारो में उज्ज्वला, स्वनिधि, मुद्रा और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजनाओं के 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किए गए।

कलेक्टर श्री ए. श्याम प्रसाद ने पारवथीपुरम मन्यम जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रिज्म-10 योजना की जानकारी दी। जिले के दुर्गम क्षेत्रों में मरीजों को हॉस्पिटल ले जाने के लिए डोली सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है। कलेक्टर श्री आदित्य उप्पल ने कहा कि नागरिक केंद्रित सुशासन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन ने 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम शुरू किया है, इसके जरिए गांवों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाने और शिकायतों के निवारण पर मदद मिली है।

सुकमा कलेक्टर श्री देवेश ध्रुव ने जिले की कठिन भौगोलिक स्थिति और माओवाद आतंक की चुनौती का उल्लेख करते हुए कहा कि सुरक्षा के बिना विकास के काम को अंजाम देना कठिन है। इसलिए सुरक्षा कैंपों की स्थापना प्रमुखता से की जानी चाहिए। जिले में सुविधा शिविरों का आयोजन कर लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिले में बंद पड़े 123 स्कलों को फिर से खोला गया है और विशेष जरूरतमंद बच्चों के लिए आकार कार्यक्रम चलाया जा रहा है।



RO-42160/85

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950